MPMETRO

**METRO NEWS**

**8th April ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Raj Express | Bhopal | 08.04.2023 | 1 | सितम्बर में हो जायेगा इंदौर में मेट्रो ट्रैन का ट्रायल रन | Positive |

सच कहने का साहस और सलीका

# राज एक्सप्रेस

भोपाल
शनिवार, 08 अप्रैल 2023
(वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया 2080)

Pg-01

**7500** करोड़ लागत | **31.5KM** कारिडोर

## सितंबर में हो जाएगा इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन

**29** मेट्रो स्टेशन | **17.5KM** पहला चरण




इंदौर मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर का निर्माण समयसीमा में पूरा करने के लिए दिन रात काम जारी है। मेट्रो के प्रारंभिक स्टेशन गांधीनगर डिपो स्थित सहायक उपकेंद्र-1 का सिविल कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। वही ट्रैक पर वायडक्ट के लिए 60 प्रतिशत ओपन फाउंडेशन का काम पूरा हो गया है। प्रायोरिटी कॉरिडोर में गांधी नगर डिपो के लोडिंग-अनलोडिंग बे का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। 98 प्रतिशत पाइलिंग सभी 16 मेट्रो स्टेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। 17 किलोमीटर लंबे मेट्रो ट्रैक पर कुल 17 स्टेशन बनाए जाएंगे। शुरुआत में गांधी नगर, अरविंदो चौराहा, विजय नगर और रेडिसन चौराहा पर मेट्रो स्टेशन तैयार करने का काम दिन रात जारी है। इंदौर के मेट्रो प्रोजेक्ट के पहले हिस्से की लागत ही 237 करोड़ है। निर्माण को देख कर उम्मीद की जा रही है कि तय डेडलाइन के अनुसार सिंतबर में ट्रायल ट्रैक पर मेट्रो ट्रेन दौड़ती नजर आएगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 08.04.2023 | 02 | 18 दिन और बंद रहेगा जिन्सी धर्मकांटा से सुभाष नगर अंडरब्रिज का रास्ता | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 08-04-2023

Pg-02

# 18 दिन और बंद रहेगा जिंसी धर्मकांटा से सुभाष नगर अंडरब्रिज का रास्ता

भोपाल | सुभाष नगर रेलवे अंडर ब्रिज और स्लॉटर हाउस के बीच मेट्रो स्टेशन के फाउंडेशन निर्माण के लिए जिंसी धर्मकांटा से सुभाष नगर अंडर ब्रिज तक रास्ता अभी 18 दिन बंद ही रहेगा। मेट्रो कंपनी से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने यहां के लिए डायवर्जन प्लान जारी किया है। 8 अप्रैल से 25 अप्रैल तक इस रास्ते पर सभी वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। लिली टॉकीज और बोगदा पुल से जिंसी धर्मकांटा होकर मैदा मिल जाने वाले हल्के वाहनों को बोगदा पुल, प्रभात चौराहा, सुभाष नगर अंडर ब्रिज और सुभाष नगर आरओबी होकर जाना होगा। लिली टॉकीज एवं बोगदा पुल से जिंसी धर्मकांटा होकर मैदा मिल जाने वाले भारी और मध्यम वाहन बोगदा पुल, प्रभात चौराहा, सुभाष नगर आरओबी होकर आवागमन कर सकेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | Hari bhoomi | Bhopal | 08.04.2023 | 02 | आज से 25 तक जिन्सी धर्मकांटा से सुभाष नगर अंडर ब्रिज तक का रास्ता रहेगा बंद | Neutral |



# आज से 25 तक जिंसी धर्म कांटा से सुभाष नगर अंडर ब्रिज तक का रास्ता रहेगा बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य के अंतर्गत सुभाष नगर रेलवे अंडर ब्रिज एवं स्लॉटर हाउस के बीच मेट्रो स्टेशन के फाउंडेशन का निर्माण किया जा रहा है। जिसके कारण जिंसी धर्म कांटा से सुभाष नगर अंडर ब्रिज तक रोड़ शनिवार से बंद किया जाएगा। यातायात डायवर्सन करने की समयावद्यि बढ़ाने की सूचना निर्माण कंपनी द्वारा यातायात पुलिस को दी गई है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार सुरक्षित यातायात के दृष्टिकोण से निर्माण कार्य के 8 से 25 अप्रैल तक जिंसी धर्म कांटा से सुभाष रेल्वे अण्डर ब्रिज तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।

## ट्रैफिक बदलाव में यह रहेगी व्यवस्था

- हल्के वाहन- लिलि टॉकीज व बोगदा पुल से जिंसी धर्म कांटा, मैदा मिल वाले वाहन बोगदा पुल, प्रभात चौराहा, सुभाष नगरर अंडर ब्रिज व सुभाष नगर ओवर ब्रिज होकर मैदा मिल की ओर आवागमन कर सकेंगे। मैदा मिल से लिलि टॉकीज व बोगदा पुल की ओर जाने वाले वाहन मैदा मिल, सुभाष नगर अंडर ब्रिज, ओवर ब्रिज, प्रभात चौराहा, बोगदा पुल व लिलि टॉकीज की ओर आवागमन कर सकेंगे।
- बस व भारी वाहन लिलि टॉकीज व बोगदा पुल से जिंसी धर्म कांटा होकर मैदा मिल की ओर जाने वाले वाहन बोगदा पुल, प्रभात चौराहा व सुभाष नगर ओवर ब्रिज होकर मैदा मिल की ओर। मैदा मिल से लिलि टॉकीज व बोगदा पुल की ओर जाने वाले वाहन मैदा मिल, सुभाष नगर ओवर ब्रिज से प्रभात चौराहा की ओर आवागमन कर सकेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | Nai Dunia | Bhopal | 08.04.2023 | 05 | 25 तक बंद रहेगा जिंसी से सुभाष नगर तक का मार्ग | Neutral |

# 25 तक बंद रहेगा जिंसी से सुभाष नगर तक का मार्ग

**भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य के अंतर्गत सुभाष नगर रेल्वे अंडर ब्रिज एवं स्लाटर हाउस के बीच मेट्रो स्टेशन के फाउण्डेशन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण जिंसी धर्म कांटा से सुभाष नगर अण्डर ब्रिज तक रोड़ बंद किया जाकर यातायात डायवर्सन करने की समयावधि एक बार फिर बढ़ाने की सूचना निर्माण कंपनी द्वारा यातायात पुलिस को दी गई हैं। जानकारी के अनुसार सुरक्षित यातायात के दृष्टिकोण से निर्माण कार्य के दौरान आठ अप्रैल से 25 अप्रैल तक यातायात परिवर्तित मार्गो से गुजरेगा। इस दौरान जिंसी धर्म कांटा से सुभाष नगर रेलवे अंडर ब्रिज तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा।

## परिवर्तित मार्ग इस तरह रहेंगे

- हल्के वाहन/दुपहिया/चार पहिया- लिलि टाकीज एवं बोगदा पुल से जिंसी धर्म कांटा होकर मैदा मिल की ओर जाने वाले वाहन बोगदा पुल, प्रभात चौराहा, सुभाष नगर अंडर ब्रिज एवं सुभाष नगर ओव्हर ब्रिज होकर मैदा मिल की ओर आवागमन कर सकेंगे।
- मैदा मिल से लिलि टाकीज एवं बोगदा पुल की ओर जाने वाले वाहन मैदा मिल, सुभाष नगर अंडर ब्रिज, सुभाष नगर ओव्हर ब्रिज, प्रभात चौराहा, बोगदा पुल व लिलि टाकीज की ओर आवागमन कर सकेंगे।
- भारी व मध्यम वाहन/सभी बसें/अनुमति प्राप्त वाहन- लिलि टाकीज एवं बोगदा पुल से जिंसी धर्म कांटा होकर मैदा मिल की ओर जाने वाले वाहन बोगदा पुल, प्रभात चौराहा एवं सुभाष नगर ओव्हर ब्रिज होकर मैदा मिल की ओर आवागमन कर सकेंगे।
- मैदा मिल से लिलि टाकीज एवं बोगदा पुल की ओर जाने वाले वाहन मैदा मिल, सुभाष नगर ओव्हर ब्रिज से प्रभात चौराहा, बोगदा पुल व लिलि टाकीज की ओर आवागमन कर सकेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | Free Press | Bhopal | 10.04.2023 | 5 | Work of auxiliary sub-station at Gandhi Nagar depot completed : Metro officials | Positive |

MADHYA PRADESH

Pg-05

BHOPAL | MONDAY | APRIL 10, 2023 www.freepressjournal.in

# Work of auxiliary sub-stn at Gandhi Nagar depot completed: Metro officials

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

The construction of the auxiliary sub-station-1 at Gandhi Nagar depot has been completed said Metro officials, and added that the work of laying track between the depot towards MR-10 is also going on at brisk pace.

There will be at least 10 auxiliary sub-stations with transformers having primary voltage of 11kV and above.

The officials of Metro rail said, "the Indore Metro Rail project is gaining momentum. The track laying work between Gandhi Nagar Metro Depot and MR 10 has started. We're now one step closer to the safe and seamless Metro journey."

Officials added that as the deadline is approaching, the number of workers has been increased at Indore Metro.

The work of Indore Metro at other parts of the corridor is also running in good pace and the corridor slabs aligning work is almost about to get completed. Also, the depot work and other works are also going on in good pace, said officials.

Metro officials said that apart from the existing work the work of second phase is also in a pipeline to get started.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | प्रदेश टूडै | Bhopal | 10.04.2023 | 2 | मेट्रो डमी कोच की स्थापना के लिए जगह की तलाश | Positive |

सिटी



# मेट्रो डमी कोच की स्थापना के लिए जगह की तलाश

**भोपाल।** मेट्रो के डमी कोच की स्थापना के लिए मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन सही जगह की तलाश कर रहा है, जिससे लोग इसे आसानी से देख सकें। मध्य प्रदेश के भोपाल में मेट्रो के उद्घाटन से पहले एक डमी ट्रेन आने वाली है। इस डमी ट्रेन में एक कोच और एक ही इंजन होगा। भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए ट्रेन बनाने वाली फ्रेंच कंपनी एल्सटॉम भोपाल के लिए एक डमी ट्रेन भेजेगी। इस फ्रेंच कंपनी के गुजरात और चेन्नई में दो प्लांट हैं। मिली जानकारी के अनुसार, यह कंपनी भोपाल मेट्रो के लिए 27 मेट्रो ट्रेन बनाएगी। भोपाल मेट्रो की हर ट्रेन में 3 कोच होंगे। इस प्रकार यह कंपनी 81 डिब्बों का निर्माण करेगी।



## सितंबर में ट्रायल की चुनौती

मेट्रो ट्रेन का सितंबर 2023 में आमजन के लिए शुरू कराया जाना बड़ी चुनौती है। जिस गति से मेट्रो का काम चल रहा है। उसे देखकर लगता है कि अप्रैल 2024 में ही ट्रायल संभव हो पाएगा। वहीं एमडी मेट्रो ट्रेन कॉर्पोरेशन मनीष सिंह का कहना है कि डमी कोच से लोगों को मेट्रो ट्रेन को समझने में आसानी होगी।

MPMETRO

**METRO NEWS**
**11th April ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | Dainik Patrika | Bhopal | 11 .04.2023 | 03 | मेट्रो ट्रेन: पाँच स्टेशन का 80% काम पूरा, सितंबर मे होगा ट्रायल | Positive |



# मेट्रो ट्रेन: पांच स्टेशन का 80% काम पूरा, सितंबर में होगा ट्रायल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन के लिए पांच स्टेशन का 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष ब्रिज तक पांच स्टेशनों का काम इसी माह में पूर करना है।

ठेका एजेंसी को काम जल्द पूर करने के लिए इसी माह चार नोटिस दिए जा चुके हैं। पटरियों को बिछा का काम भी संभवतः अगले दस दिन में शुरू हो सकता है। रानी कमलापति से प्रगति, बोर्ड ऑफिस, एमपी नगर थाना व आगे सुभाष ब्रिज तक स्टेशनों का काम पूरा करना है। सितंबर में मेट्रो का ट्रायल शुरू करने का दावा किया गया है और अब इसे हर हाल में पूरा करना है। एमडी मनीष सिंह इसके लिए अब लगातार समीक्षा और बैठकें ले रहे हैं।

**पहला फेज 6.22 किमी** **मेट्रो ट्रेन** का प्रायोरिटी कॉरिडोर 6.22 किमी लंबा है। ये एम्स से सुभाष ब्रिज तक है। इसमें साकेत नगर से गणेशमंदिर तक रेलवे ओवरब्रिज बनना है। इसकी गर्डर अलवर में बनाई जा रही है। बताया जा रहा है कि अगले तीन माह में ये भोपाल पहुंच पाएगी। इसके बाद इसे स्थापित किया जाएगा। उम्मीद है कि अक्टूबर से दिसंबर 2023 के बीच इसका काम पूरा कर दिया जाएगा। ऐसे में पूरा प्रायोरिटी कॉरिडोर 2024 में शुरू हो जाएगा।



## स्टेशन निर्माण को लेकर रूट डायवर्ट

**भोपाल.** मेट्रो के केंद्रीय विद्यालय स्टेशन के निर्माण करने के लिए 5 मई तक केंद्रीय विद्यालय के पास से रोड डायवर्ट की गई है। सुभाष ब्रिज की ओर से आने वाले ट्रैफिक को केंद्रीय विद्यालय से पहले आरबीआइ ऑफिस रोड की तरफ डायवर्ट कर दिया जाएगा। यहां से अरेरा हिल्स की ओर होते हुए बोर्ड ऑफिस की तरफ निकला जा सकेगा। यही स्थिति दूसरी तरफ से आने वाले ट्रैफिक की भी होगी 5 मई के बाद रोड खुलेगा। मेट्रो ट्रेन के लिए रेलवे स्टेशनों का काम तेजी से किया जा रहा है। उसके तहत ही है डायवर्सन लिया गया।

MPMETRO

**METRO NEWS**
**12th April ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 12.04.2023 | 2 | मेट्रो इक्स्टेन्शन: 9 किमी के रूट के तीन किमी के अन्डरग्राउन्ड हिस्से को छोड़ बाकी के टेन्डर जारी | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 12-04-2023 Pg-J2

# भोपाल फ्रंट पेज

दैनिक भास्कर बुधवार 12 अप्रैल, 2023

**मेट्रो एक्सटेंशन** • 9 किमी के इस रूट के तीन किमी के अंडरग्राउंड हिस्से को छोड़ बाकी के टेंडर जारी

## 650 करोड़ से साढ़े तीन साल में बनेगा सुभाष नगर से करोंद तक मेट्रो रूट, सितंबर में शुरू होगा काम

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

एम्स से सुभाष नगर के 6.22 किमी के मेट्रो रूट के बाद अब इसके आगे यानी सुभाष नगर से करोंद तक के रूट पर कंस्ट्रक्शन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। करीब 9 किमी के इस रूट में से पुल पातरा से सिंधी कॉलोनी तक 3 किमी के अंडरग्राउंड रूट को छोड़ शेष 6 किमी में स्टेशन और रूट यानी वाया डक्ट निर्माण पर 650 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके टेंडर जारी कर दिए गए हैं।

सितंबर में होने वाले ट्रायल के साथ अगले कंस्ट्रक्शन का भी काम शुरू हो सकता है। मेट्रो प्रोजेक्ट के पहले चरण में एम्स से करोंद और भदभदा से रत्नागिरि चौराहा इन दो रूट पर मेट्रो संचालन होना है। प्रायोरिटी रूट के तहत एम्स से सुभाष नगर तक 6.22 किमी पर 2018 में काम शुरू हुआ था। रेलवे क्रॉसिंग पर स्टील ब्रिज के निर्माण में हो रही देरी के कारण आरकेएमपी से सुभाष नगर तक के रूट पर सितंबर में ट्रायल की तैयारी चल रही है।

### इस हिस्से में एलिवेटेड रूट और 6 स्टेशनों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू




**यह काम होगा...** सुभाष नगर से ऐशबाग और सिंधी कॉलोनी से करोंद तक के रूट पर एलिवेटेड वाया डक्ट के साथ स्टेशन निर्माण का काम होगा।

- मेट्रो के इस रूट पर रेलवे स्टेशन और नादरा बस स्टेंड के स्टेशन अंडरग्राउंड होंगे। इसके लिए पुल पातरा से सिंधी कॉलोनी का रूट अंडरग्राउंड होगा।

**ये 6 स्टेशन बनेंगे...**

- पुल बोगदा, ऐशबाग, सिंधी कॉलोनी, डीआईजी बंगला, कृषि उपज मंडी और करोंद
- पुल बोगदा पर एम्स से करोंद और भदभदा से रत्नागिरि दोनों मेट्रो रूट की लाइनें मिलेंगी। यहां पैसेंजर इंटरचेंज स्टेशन बनेगा।

### 39 एकड़ जमीन का होगा अधिग्रहण

इस रूट के लिए 39 एकड़ जमीन का अधिग्रहण होगा। पातरा से भारत टॉकीज के बीच स्थित आरा मशीनों को भी शिफ्ट किया जाएगा। ऐशबाग में दो एकड़ से अधिक जमीन ली जाएगी। इसी तरह भोपाल टॉकीज पर बड़ाबाग की ढाई एकड़ जमीन ली जाएगी। सवा एकड़ में भूमिगत मेट्रो स्टेशन, प्रवेश और निकास द्वार और भोपाल स्टेशन पर अन्य कामों के लिए जगह छोड़ी जाएगी। यहां मेट्रो के फूड प्लाजा, पार्किंग, स्टेशन एवं प्लाजा बनाए जाएंगे। करोंद पर एक एकड़ में पार्किंग के साथ फूड प्लाजा और एक एकड़ में पावर सब स्टेशन बनाया जाएगा। इसी तरह ईरानी डेरे के कब्जे से मुक्त कराई गई लगभग 0.18 भूमि पर पार्किंग बनाई जाएगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | Times of India | Bhopal | 12.04.2023 | 2 | Traffic Diversions from Board Office to Arera Hills till May 5 | Neutral |



TIMES CITY

THE TIMES OF INDIA, BHOPAL | WEDNESDAY, APRIL 12, 2023

# Traffic diversions from Board office to Arera Hills till May 5

## Metro's Priority Corridor Under Fast-Track Construction

TIMES NEWS NETWORK

**Bhopal:** Traffic between Board Office square to Arera Hills and Subhash Nagar will be impacted for the month due to diversions as sections of the road will be closed for metro construction work. The diversions that are in place will continue till May 5.

Traffic has been diverted from Kendriya Vidyalaya till May 5 in view of the Bhopal Metro construction while traffic route has also been changed from April 6 near Board Office intersection.

Priority corridor of metro is under fast-track construction. Placing girders began at Kendriya Vidyalaya station under Bhopal Metro Rail Project in the middle of March. Five stations are planned in the route from Subhash Nagar depot leading up to Habibganj, according to Madhya Pradesh metro rail corporation limited (MPMRCL).




As per 2022 projection, cost of development of 27 km of project in Bhopal was pegged at Rs 6,941 crore. Of this priority corridor is estimated to cost about 20%. According to reports MPMRCL has also invited bids for part design and construction of elevated viaduct, six elevated metro rail stations along Pul Bogda, a passenger interchange station between orange and blue line for Aishbagh, DIG Bungalow, Mandi and Karond.

**Sustainable policy to boost earnings:** Systematic planning and implementation of metro rail systems in a comprehensive and sustainable manner has been cited in 2017 Metro policy. It is aimed to boost earnings. The policy mandates adoption of innovative financing through transit oriented development (TOD), value capture finance (VCF), commercial/property development, advertisements, leasing of space among other avenues. To incentivize metro rail ridership, the policy focuses on inclusion of provision of feeder systems, last mile connectivity through pedestrian pathways, non-Motorized Transport (NMT) infrastructure in metro rail proposals.

**METRO NEWS**

**13th April ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Nav Dunia | Bhopal | 13.04.2023 | 3 | ऐशबाग से डीआईजी बंगले तक भूमिगत चलेगी मेट्रो, अन्डरग्राउन्ड बनेगे दो स्टेशन | Neutral |




# ऐशबाग से डीआइजी बंगले तक भूमिगत चलेगी मेट्रो, अंडरग्राउंड बनेंगे दो स्टेशन

## विकास ● एलएनटी कंपनी बिछाएगी सुभाष नगर से करोंद तक मेट्रो का ट्रैक

**भोपाल( नवदुनिया प्रतिनिधि )।** राजधानी में एम्स से सुभाष नगर के बीच छह किलोमीटर प्रायोरिटी कारिडोर का सिविल वर्क 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इस मार्ग में सितंबर 2023 तक मेट्रो का ट्रायल रन शुरु करना है। जबकि इसी मार्ग पर बाकी 10 किमी का काम यानी सुभाष नगर से करोंद के बीच पूरा किया जाना है। इसकी तैयारियां भी मप्र मेट्रो ने शुरु कर दिया है। सुभाष नगर से करोंद तक के मार्ग में मेट्रो ट्रैक बिछाने समेत अन्य कार्य एलएनटी कंपनी को दिया गया है।अधिकारियों के अनुसार सितंबर 2023 से इस मार्ग का काम शुरु किया जाएगा, लेकिन इससे पहले पुराने शहर में 9.83 किमी के रूट के लिए 39 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करना चुनौती होगी।

मेट्रो कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि सुभाष नगर से करोंद के बीच का दो किलोमीटर ट्रैक अंडरग्राउंड होगा। जबकि बाकि स्थानों पर मेट्रो मार्ग एलिवेटेड रहेगा। ऐशबाग स्थित आरा मशीन के पास से बैरसिया रोड तक इस अंडरग्राउंड ट्रैक पर दो मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। जो कि भोपाल जंक्शन और नादरा बस स्टैंड के पास बनेंगे। हालांकि इस मार्ग में सुभाष नगर से आगे चार अन्य स्टेशन भी बनना प्रस्तावित है। बता दें कि एलएनटी कंपनी ही सुभाष नगर से करोंद के बीच पर्पल लाइन के साथ रत्नागिरी तिराहे से भदभदा चौराहे तक रेड लाइन के लिए फास्टिंग सिस्टम की आपूर्ति, स्टैंड गेज के बेलास्टलेस ट्रैक का डिजायन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग और डिपो के साथ वर्कशाप का निर्माण करेगी। इसके लिए 238 करोड़ रुपये का टेंडर दिया गया है।



राजधानी में मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। ● नवदुनिया फाइल फोटो

### दो हिस्सों में होगा सिविल वर्क

पर्पल कारीडोर के लिए सिविल वर्क के लिए प्रदेश का दूसरा टेंडर जारी किया जाएगा। हालांकि यह काम भी दो हिस्से में होगा। दरअसल, इसी रूट में भूमिगत (अंडरग्राउंड) मेट्रो का संचालन किया जाना है। लिहाजा एलीवेटेड रूट के लिए फेस-1 में सुभाष नगर से भारत टाकीज तक निर्माण कार्य और फेस-2 में सिंधी कालोनी से करोंद तक निर्माण कार्य किया जाएगा।

### 2025 तक पर्पल और रेड लाइन में दौड़ेगी मेट्रो

राजधानी में पर्पल और रेड लाइन में मेट्रो के संचालन की समय सीमा वर्ष 2025 तक निर्धारित की गई है। लिहाजा वर्ष 2024 तक मेट्रो रेल कारपोरेशन का पर्पल कारीडोर को पूरा करने पर जोर है। इसमें पर्पल लाइन 14.19 और रेड लाइन 12.88 किमी की होगी। इसमें 6941.40 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

"अभी हमारी प्राथमिकता सितंबर 2023 तक प्रायोरिटी कारिडोर में मेट्रो का ट्रायल करने की है। इसके साथ ही एम्स से सुभाष नगर और रत्नागिरी से भदभदा चौराहे तक ट्रैक बिछाने के लिए भी टेंडर जारी किया गया है। - **मनीष सिंह**, एमडी मप्र मेट्रो

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | स्वदेश | भोपाल | 13.04.2023 | 3 | एलएनटी कंपनी बिछाएगी सुभाष नगर से करोंद तक मेट्रो का ट्रैक | Neutral |




### ऐशबाग से डीआइजी बंगले तक जमीन के अंदर चलेगी मेट्रो, अंडरग्राउंड बनेंगे दो स्टेशन

# एलएनटी कंपनी बिछाएगी सुभाष नगर से करोंद तक मेट्रो का ट्रैक

स्वदेश संवाददाता, भोपाल

राजधानी में एम्स से सुभाष नगर के बीच छह किलोमीटर प्रायोरिटी कारिडोर का सिविल वर्क 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इस मार्ग में सितंबर 2023 तक मेट्रो का ट्रायल रन शुरु करना है। जबकि इसी मार्ग पर बाकी 10 किमी का काम यानी सुभाष नगर से करोंद के बीच पूरा किया जाना है। इसकी तैयारियां भी मप्र मेट्रो ने शुरु कर दिया है। सुभाष नगर से करोंद तक के मार्ग में मेट्रो ट्रैक बिछाने समेत अन्य कार्य एलएनटी कंपनी को दिया गया है।अधिकारियों के अनुसार सितंबर 2023 से इस मार्ग का काम शुरु किया जाएगा, लेकिन इससे पहले पुराने शहर में 9.83 किमी के रूट के लिए 39 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करना चुनौती होगी। मेट्रो कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि सुभाष नगर से करोंद के बीच का दो किलोमीटर ट्रैक अंडरग्राउंड होगा। जबकि बाकि स्थानों पर मेट्रो मार्ग एलिवेटेड रहेगा। ऐशबाग स्थित आरा मशीन के पास से बैरसिया रोड तक इस अंडरग्राउंड ट्रैक पर दो मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। जो कि भोपाल जंक्शन और नादरा बस स्टैंड के पास बनेंगे। हालांकि इस मार्ग में सुभाष नगर से आगे चार अन्य स्टेशन भी बनना प्रस्तावित है। बता दें कि एलएनटी कंपनी ही सुभाष नगर से करोंद के बीच पर्पल लाइन के साथ रत्नागिरी तिराहे से भदभदा चौराहे तक रेड लाइन के लिए फास्टिंग सिस्टम की आपूर्ति, स्टैंर्ड गेज के बेलास्टलेस ट्रैक का डिजायन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग और डिपो के साथ वर्कशाप का निर्माण करेगी। इसके लिए 238 करोड़ रुपये का टेंडर दिया गया है।



**पुराने शहर में 9.83 किमी के रूट के लिए 39 एकड़ जमीन का होगा अधिग्रहण**

### दो हिस्सों में होगा सिविल वर्क

पर्पल कारीडोर के लिए सिविल वर्क के लिए प्रदेश का दूसरा टेंडर जारी किया जाएगा। हालांकि यह काम भी दो हिस्से में होगा। दरअसल, इसी रूट में भूमिगत (अंडरग्राउंड) मेट्रो का संचालन किया जाना है। लिहाजा एलीवेटेड रूट के लिए फेस-1 में सुभाष नगर से भारत टाकीज तक निर्माण कार्य और फेस-2 में सिंधी कालोनी से करोंद तक निर्माण कार्य किया जाएगा।

### 2025 तक पर्पल और रेड लाइन में दौड़ेगी मेट्रो

राजधानी में पर्पल और रेड लाइन में मेट्रो के संचालन की समयसीमा वर्ष 2025 तक निर्धारित की गई है। लिहाजा वर्ष 2024 तक मेट्रो रेल कारपोरेशन का पर्पल कारीडोर के सिविल वर्क को पूरा करने पर जोर है। इसमें पर्पल लाइन 14.19 और दूसरी रेड लाइन 12.88 किलोमीटर की होगी। इसमें 6941.40 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### इनका कहना

अभी हमारी प्राथमिकता सितंबर 2023 तक प्रायोरिटी कारिडोर में मेट्रो का ट्रायल करने की है। इसके साथ ही एम्स से सुभाष नगर और रत्नागिरी से भदभदा चौराहे तक ट्रैक बिछाने के लिए भी टेंडर जारी किया गया है।

● मनीष सिंह, एमडी मप्र मेट्रो रेल

MPMETRO

**METRO NEWS**


**16th April ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | HariBhoomi | Bhopal | 16.04.2023 | 04 | राजधानी में मेट्रो की पटरी बिछाने का काम अगले हफ्ते से सुभाष नगर से होगा शुरू | Neutral |



### सुभाष नगर में देर रात ऊपर चढ़ाई गई दिल्ली से आई वेल्डिंग मशीन

# राजधानी में मेट्रो की पटरी बिछाने का काम अगले हफ्ते से सुभाष नगर से होगा शुरू




**ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर हो रहे स्टेशन तैयार**

भोपाल मेट्रो के स्टेशन ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर तैयार हो रहे है। इनमें सोलर एनर्जी का उपयोग ज्यादा से ज्यादा किया जाएगा। इसके लिए स्टेशन के रूफ पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। बारिश के पानी को रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के जरिए जमीन में डाला जाएगा। सुभाष नगर में मेट्रो के डिपो पर एसटीपी बनाया जा रहा है। वेस्ट वॉटर को रिसाइकिल करके मेट्रो की वासिंग में उपयोग किया जाएगा।


हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल मेट्रो के लिए पटरी बिछाने का काम अगले हफ्ते शुरू हो जाएगा। इसके लिए वेल्डिंग मशीन दिल्ली से भोपाल पहुंच गई है, जिसे सुभाष नगर में देर रात बन रहे रूट पर ऊपर चढ़ाया गया। पटरी बिछाने का काम सुभाष नगर से ही शुरू हो रहा है। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, अगले माह तक रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक पटरी पूरी तरह से बिछ जाएगी। इसके साथ ही स्टेशन भी बनकर तैयार होंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 13 | Raj Express | Bhopal | 16.04.2023 | 03 | आकार लेता राजधानी का मेट्रो प्रोजेक्ट | Neutral |



**आकार लेता राजधानी का मेट्रो प्रोजेक्ट**



फोटो : शमीम खान

# इसी महीने मेट्रो के लिए पटरी बिछाने का काम होगा शुरू

**भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क**

भोपाल में पिलर और गर्डर लॉन्चिंग का काम पूरा हो चुका है। अब मेट्रो स्टेशन और पटरी बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। जिसके लिए अभी तक तीन खेप पटरियों की आ चुकी है मेट्रो रेल अधिकारियों के मुताबिक डिपो और वायडक्ट के लिए 900 मिट्रिक टन पटरियां आ चुकी है बहुत जल्दी पटरियां बिछाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

## फैक्ट फाइल

प्रोजेक्ट मंजूरी - 30 नवंबर 2018

एमओयू साइन हुआ - 19 अगस्त 2019

ज्वांइट वेंचर की पहली बैठक - 29 दिसंबर 2020

प्रायरिटी कारिडोर में संचालन की सयम सीमा - सितंबर 2023

मेटो प्रोजेक्ट की कुल लागत - 6,941 करोड़ रुपये

प्रायरिटी कारिडोर - 6.2 किलोमीटर

कितने पिलर बनेंगे - 226

कितनों पर गार्डर लांचिंग हुई - 216

भोपाल के लिए मेट्रो कार - 27

सीएम के निर्देशानुसार सितंबर 2023 में मेट्रो का ट्रायल रन शुरू करना है।

**MPMETRO**

## METRO NEWS
**20th April ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 20.04.2023 | J1 | काम ट्रैक पर, मेट्रो टाइम पर.. | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 20-04-2023


दैनिक भास्कर

# भोपाल फ्रंट पेज

सूर्यास्त (गुरुवार) 6:43 बजे | सूर्योदय (शुक्रवार) 5:57 बजे

दैनिक भास्कर भोपाल, गुरुवार 20 अप्रैल, 2023 | 2


**मौसम**

तापमान

दिन 39.8° अधिकतम | रात 24.8° न्यूनतम

शहर में आज भी बादल छाए रहने की संभावना, धूप भी निकल सकती है।

**शहर में आज**

आर्ट/कल्चर एवं रंगमंच

- फिल्म प्रदर्शन और संवाद
  कहां: भारत भवन, शाम 7:00 बजे से
- बैले मूवमेंट वर्कशॉप
  कहां: माया सुरजन भवन, दोपहर 2 बजे से
- एक्टिंग थिएटर वर्कशॉप
  कहां: चित्रांश भवन, शाम 4 बजे से
- पुरातत्व पर फोटो एग्जीबिशन
  कहां: राज्य संग्रहालय, दोपहर 1:00 बजे से

**लोकल सोना चांदी भाव**

सोना | चांदी

सितंबर 2023 में होना है मेट्रो का ट्रायल रन • प्रायोरिटी कॉरिडोर का 85% काम पूरा, अब पूरा फोकस बचे हुए 15% काम पर

# काम ट्रैक पर, मेट्रो टाइम पर...

## 5 महीने बचे, इसलिए स्टेशन की 97 और डिपो की 261 डिजाइन्स पूरी, अब इंटीग्रेशन की बारी

### मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी ने मौके पर जाकर देखा डेवलपमेंट

इन्फ्रास्ट्रक्चर रिपोर्टर | भोपाल

भोपाल मेट्रो के करीब 6.22 किमी लंबे प्रायोरिटी कॉरिडोर का काउंटडाउन शुरू हो गया है। सितंबर 2023 यानी पांच महीने बाद इस रूट पर ट्रायल रन भी कर दिया जाएगा। सुभाष नगर डिपो और स्टेशन निर्माण का सिविल वर्क तकरीबन अंतिम चरण में है। स्टेशन की 97 और डिपो की 261 डिजाइन्स भी पूरी हो गई हैं। अब इनका इंटीग्रेशन किया जा रहा है, ताकि भोपाल मेट्रो रेल का प्रायोरिटी कॉरिडोर तैयार हो सके। ये डिजाइन्स वायर डक्ट पिलर, कंट्रोल सेंटर, ट्रैक, पावर सप्लाई बिल्डिंग समेत अन्य सिविल वर्क से जुड़ी हैं।

बाकी बचे कामों को देखने के लिए मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह बुधवार को सुभाष नगर डिपो और स्टेशन निर्माण की प्रगति देखने पहुंचे। यहां पता चला कि स्टेशन पर अभी थोड़ा सिविल वर्क बचा है। इसलिए स्टेशन कॉन्ट्रैक्टर को निर्देश दिए कि बचा हुआ काम पूरा कर स्टेशन अन्य कामों के लिए जल्द से जल्द सौंपें ताकि तकनीकी समेत बाकी काम भी समय पर पूरे किए जा सकें। इस दौरान ट्रैक कॉन्ट्रैक्टर ने उन्हें बताया कि रेल पटरी बिछाने और पटरी की वेल्डिंग का काम अभी शुरू नहीं हो पाया है। इसके लिए करीब 900 मीट्रिक टन पटरी डिलीवर हो चुकी है। अच्छी बात ये है कि प्रायोरिटी कॉरिडोर पर डिपो और स्टेशन डेवलप होते नजर आ रहे हैं। सभी आठ स्टेशन के ओपन फाउंडेशन का काम 90% पूरा हो चुका है।



**रेल मंत्री से मिले सीएम, मेट्रो के लिए विशेषज्ञ देने का किया आग्रह**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को नईदिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री से भोपाल और इंदौर मेट्रो के लिए विशेषज्ञ उपलब्ध कराने का आग्रह किया, ताकि समय पर काम पूरा हो सके। दोनों शहरों में 31 सितंबर 2023 तक प्रायोरिटी कारिडोर में मेट्रो का ट्रायल रन होना है, जिसके लिए विशेषज्ञों की आवश्यकता होगी।

### 16.05 किमी लंबा होगा पहला रूट

- भोपाल मेट्रो का पहला रूट एम्स से करोंद तक 16.05 किमी लंबा है। इसमें से 6.22 किमी यानी एम्स से सुभाष नगर के बीच बन रहे रूट को प्रायोरिटी कॉरिडोर माना गया है।
- ये काम 2018 में शुरू हुआ था, जो तकरीबन 85% तक पूरा हो चुका है। अब पूरी कवायद बचे 15% काम पर है। ताकि 5 महीने बाद प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ट्रायल रन करवाया जा सके।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | दैनिक जागरण | भोपाल | 20.04.2023 | 03 | भोपाल मे मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर मे | Neutral |

दैनिक जागरण
भोपाल, 20 अप्रैल 2023

राजधानी जागरण 03

• 11 • राज्य • 31 • संस्करण मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# भोपाल में मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर में

## मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी ने स्टेशन-रूट का काम देखा, गर्डर कास्टिंग का काम 50 प्रतिशत पूरा



**भोपाल।** मेट्रो कार्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने बुधवार को स्टेशन रूट के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अफसरों से आवश्यक जानकारी लेते ली। साथ ही काम में तेजी लाने संबधी निर्देश भी दिए। भोपाल में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन सितंबर में होगा। बाकी बचे कामों को देखने के लिए मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह प्रायोरिटी कॉरिडोर रूट पर पहुंचे। उन्होंने स्टेशन और रूट का काम देखा। उन्होंने कॉरिडोर में आठ स्टेशन के ओपन फाउंडेशन, पीयर, गर्डर कास्टिंग, पाइलिंग, बिजली सब स्टेशन और लोडिंग-अनलोडिंग-वे का सिविल वर्क के बारे में जानकारी ली। मेट्रो का पहला रूट एम्स से करोंद तक कुल 16.05 किलोमीटर लंबा है। इसमें से 6.22 किमी एम्स से सुभाष नगर के बीच का काम प्रायोरिटी कॉरिडोर के रूप में 2018 में शुरू हुआ था। इसका 85 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। सितंबर से पहले बाकी काम पूरा करने का टारगेट है। ताकि, सितंबर में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन हो सके। पिलर खड़े होने और गर्डर लॉन्चिंग के बाद मेट्रो कॉर्पोरेशन का पूरा फोकस डिपो और स्टेशन बनाने में है। इनका काम भी तेजी से चल रहा है।

**मेट्रो एमडी ने निरीक्षण कर दिए अफसरों को निर्देश :** मेट्रो एमडी मनीष सिंह के निरीक्षण के दौरान निदेशक प्रोजेक्ट अजय शर्मा, निदेशक वित्त नीति कोठारी, अतिरिक्त निदेशक तकनीकी शोभित टंडन, महाप्रबंधक सिविल संजय सिंह, वाईसी शर्मा समेत कॉर्पोरेशन के अधिकारी और कॉन्ट्रेक्टर्स मौजूद थे। एमडी सिंह ने स्टेशन कॉन्ट्रेक्टर को निर्देश दिए कि अन्य स्टेशन के कार्य भी जल्द पूरे करें। ट्रैक कॉन्ट्रेक्टर ने जानकारी दी कि सर्वे का काम जारी है। इस पर एमडी ने निर्देश दिए कि रेल पटरी बिछाने और पटरी की वेल्डिंग का काम जल्द पूरा करें।

### प्रायोरिटी कॉरिडोर रूट में इतना काम

अधिकारियों ने प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत 31 मार्च तक डिपो और स्टेशन की प्रगति के बारे में जानकारी दी। सभी आठ स्टेशन के ओपन फाउंडेशन का कार्य 90 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। पीयर का 80 प्रतिशत , गर्डर कास्टिंग का काम 50 प्रतिशत , डिपो की प्रशासनिक बिल्डिंग का कार्य लगभग 60 प्रतिशत , पाइलिंग का कार्य लगभग 96 प्रतिशत , उप विद्युत सब स्टेशन-1 का कार्य लगभग 70 प्रतिशत और लोडिंग-अनलोडिंग-बे का सिविल का काम 50 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | राज एक्स्प्रेस | भोपाल | 20.04.2023 | 03 | मेट्रो निर्माण कार्य की प्रगति ओर गुणवतता को लेकर कोतही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: सिंघ | Neutral |

# मेट्रो निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता को लेकर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: सिंह

## मेट्रो रेल पटरी जल्द बिछाने के लिए एमडी ने दिए निर्देश



**भोपाल (आरएनएन)।** भोपाल में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन सितंबर में होगा। बाकी बचे कामों को देखने के लिए मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह बुधवार को प्रायोरिटी कॉरिडोर रूट पर पहुंचे।

उन्होंने स्टेशन और रूट का काम देखा। उन्होंने कॉरिडोर में आठ स्टेशन के ओपन फाउंडेशन, पीयर, गार्डर कास्टिंग, पाइलिंग, बिजली सब स्टेशन और लोडिंग-अनलोडिंग-वे का सिविल वर्क के बारे में जानकारी ली। मेट्रो का पहला रूट एम्स से करोंद तक कुल 16.05 किलोमीटर लंबा है। इसमें से 6.22 किमी एम्स से सुभाष नगर के बीच का काम प्रायोरिटी कॉरिडोर के रूप में 2018 में शुरू हुआ था। इसका 85प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। सितंबर से पहले बाकी काम पूरा करने का टारगेट है। ताकि, सितंबर में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन हो सके। पिलर खड़े होने और गर्डर लॉन्चिंग के बाद मेट्रो कॉर्पोरेशन का पूरा फोकस डिपो और स्टेशन बनाने में है। इनका काम भी तेजी से चल रहा है।

## मेट्रो एमडी ने यहां किया निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं

निरीक्षण के दौरान निदेशक प्रोजेक्ट अजय शर्मा, निदेशक वित्त नीति कोठारी, अतिरिक्त निदेशक तकनीकी शोभित टंडन, महाप्रबंधक सिविल संजय सिंह, वाईसी शर्मा समेत कॉर्पोरेशन के अधिकारी और कॉन्ट्रेक्टर्स मौजूद थे। एमडी मनीष सिंह ने स्टेशन कॉन्ट्रेक्टर को निर्देश दिए कि अन्य स्टेशन के कार्य भी जल्द पूरे करें। ट्रैक कॉन्ट्रेक्टर ने जानकारी दी कि सर्वे का काम जारी है। इस पर एमडी ने निर्देश दिए कि रेल पटरी बिछाने और पटरी की वेल्डिंग का काम जल्द पूरा करें।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | Free Press | भोपाल | 20.04.2023 | 02 | Finish pending work soon, Bhopal Metro contractor told | Neutral |

THE FREE PRESS JOURNAL SINCE 1928 www.freepressjournal.in

# Finish pending work soon, Bhopal Metro contractor told

OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in

The civil works of Bhopal Metro has almost been completed and now the stress is on to start the works related to system department. This includes work related to signals, rolling stocks (engine coach and coaches), traction etc, sources said.

On Wednesday, Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited manging director Manish Singh inspected the ongoing works of Bhopal Metro.

During the inspection at Subash Nagar metro station, Manish Singh asked contractor to complete the remaining work soon. He was told that Jindal Steel and Power Limited had already delivered around 900 MT railway lines.

The contractor was told to speed up the work between depot and ramp by hiring more labourers. From November 2022 to March 2023, 97 designs and drawings of stations and 261 for depot were approved, which helped to maintain the progress of the project.

Metro officials informed Manish Singh about progress of depot and stations. They also said 90 % work for open foundation of all eight stations has been completed.

Date: 20/04/2023, Edition: FPJ Bhopal, Page: 2
Source : https://epaper.freepressjournal.in/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | Free Press | भोपाल | 20.04.2023 | 03 | आठ मेट्रो स्टेशन के ओपन फाउंडेशन का 90 फीसदी काम पूरा | Neutral |



कवायद

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी ने किया निरीक्षण, जल्द शुरू होगा पटरी बिछाने का काम

# आठ मेट्रो स्टेशनों के ओपन फाउंडेशन का 90 फीसदी काम पूरा

अमर उजाला ब्यूरो

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने बुधवार को डिपो और सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने बताया कि प्रायोरिटी कॉरिडोर का 31 मार्च की स्थिति में शहर के आठ स्टेशनों का ओपन फाउंडेशन का काम 90 फीसदी पूरा कर लिया गया। पीयर का कार्य करीब 80 फीसदी और गर्डर कास्टिंग का कार्य करीब 50 फीसदी पूरा कर लिया गया है। मनीष सिंह ने सुभाष नगर के साथ बाकी मेट्रो स्टेशन के काम भी जल्द जल्द पूरा करने को कहा।



भोपाल मेट्रो के काम का निरीक्षण करते मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह। अमर उजाला

## लगातार की जा रही पटरियों की सप्लाई

अधिकारियों ने बताया कि ट्रैक कान्ट्रैक्टर एलएंडटी ने सर्वे का कार्य शुरू कर दिया है। जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड की ओर से पटरी की सप्लाई लगातार जारी है। अप्रैल में भोपाल में लगभग 900 मीट्रिक टन पटरी की डिलीवरी हो चुकी है। सिंह ने कि पटरी बिछाने और वेल्डिंग का काम जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने इसी माह के अंत तक पटरी बिछाने का काम शुरू होने जाने की जानकारी दी।

## यहां बन रहे आठ मेट्रो स्टेशन

भोपाल में 30.95 किमी को मेट्रो ट्रैक प्रस्तावित है। इसमें से साढ़े सात किलोमीटर का प्रायोरिटी ट्रैक बनाया जा रहा है। इसमें सुभाष नगर से एम्स तक आठ मेट्रो स्टेशन बनाए जा रहे हैं। इसमें से सुभाष नगर, केंद्रीय विद्यालय, बोर्ड ऑफिस चौराहा, एमपी नगर जोन-2, रानी कमलापति, डीआरएम ऑफिस, अल्कापुरी और एम्स में आठ मेट्रो स्टेशन बनाए जा रहे हैं। इसमें से अप्रैल तक सुभाष नगर, बोर्ड ऑफिस चौराहा, एमपी नगर स्टेशन के सिविल कार्य पूरी तरह तैयार हो जाएंगे। रेलवे स्ट्रेशन को छह डिब्बों के अनुसार तैयार किया जा रहा है। हालांकि, शुरुआत में तीन-तीन डिब्बों के साथ ही मेट्रो दौड़ेगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | नव दुनिया | भोपाल | 20.04.2023 | 04 | मेट्रो के काम मे **तेजी** लाएं.. सितंबर मे होगा ट्रायल रन | Neutral |

नवदुनिया
भोपाल, गुरुवार 20 अप्रैल, 2023 Pg-04

# मेट्रो के काम में लाएं तेजी... सितंबर से शुरू होगा ट्रायल रन

**भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** मेट्रो का काम तीव्र गति से किया जाए। तय समय सीमा में काम को पूरा किया जाए, सितंबर में मेट्रो का ट्रायल रन होगा, इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। यह निर्देश मेट्रो रेल प्रबंधन के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने बुधवार को निरीक्षण के दौरान मेट्रो कांट्रेक्टर को दिए हैं। मेट्रो प्रोजेक्ट में धीमी रफ्तार की वजह से उठ रहे विवादों पर लगाम लगाने के लिए भी उन्होंने कहा है। मनीष सिंह ने स्पष्ट किया कि भोपाल में मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर 2023 से शुरू कर दिया जाएगा। इस डेडलाइन में अब कोई परिवर्तन नहीं होगा। मनीष सिंह ने भोपाल मेट्रो के अधिकारियों के साथ सुभाष नगर में बन रहे डिपो का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार मेट्रो परियोजना के लिए प्रायोरीटी कारिडर में सभी कार्य तीव्र गति से चल रहे हैं। प्रबंध संचालक द्वारा सुभाष नगर स्टेशन की प्रगति को लेकर संतुष्टी जाहिर की एवं स्टेशन कांट्रेक्टर को निर्देश दिए की अन्य स्टेशन के कार्य भी जल्द से जल्द पूर्ण कर लिए जाएं।



मेट्रो कार्य का निरीक्षण करते हुए प्रबंध संचालक मनीष सिंह व अन्य अधिकारी। ● नवदुनिया

**काम में तेजी लाने बढ़ाए जाएं श्रमिक :** कांट्रेक्टर ने बताया कि सर्वे का कार्य जारी है, प्रबंध संचालक ने निर्देश दिए की रेल पटरी बिछाने एवं पटरी की वेल्डिंग का काम जल्द से जल्द शुरू करें। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड द्वारा पटरी लगातार भेजी जा रही है। इसके अंतर्गत अप्रैल में भोपाल में लगभग 900 मीट्रिक टन आ चुकी है। इस दौरान दिलीप बिल्डकोन कान्ट्रेक्टर को निर्देश दिए गए है कि डिपो एवं स्टेशन के बीच रैंप के कार्य में गति लाएं तथा श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य को समय पूरा करें।

**इस तरह किया जा रहा काम :** नवंबर 2022 माह से मार्च 2023 तक स्टेशन की एवं डिपो की डिजाइन एवं ड्राइंग को त्वरित गति से स्वीकृति दी गई है, जिससे मेट्रो के निर्माण कार्य निष्पादन में संतोषजनक गति आई है। अधिकारियों ने प्राइआरटी कारिडर के तहत 31 मार्च तक डिपो एवं स्टेशन प्रगति के बारे में अवगत करवाया। जिसके तहत सभी आठ स्टेशन के ओपन फाउंडेशन के कार्य लगभग 90 प्रतिशत, पीयर का कार्य लगभग 80 प्रतिशत, गर्डर कास्टिंग का कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण हो गए हैं। डिपो की प्रशासनिक बिल्डिंग का कार्य लगभग 60 प्रतिशत, पाइलिंग का कार्य लगभग 96.6 प्रतिशत एवं उप-विद्युत सब स्टेशन एक का कार्य लगभग 70 प्रतिशत तथा लोडिंग-अनलोडिंग-बे का सिक्वल कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

24.8° न्यूनतम | सूर्य अस्त (आज) 06:43 उदय (कल) 05:55 | आर्द्रता 44% 18% अधिकतम न्यूनतम | हवा की गुणवत्ता 50 100 सामान्य बुधवार को
भोपाल सिटी
पेट्रोल 108.65 डीजल 93.90 रुपये प्रति लीटर | घरेलू व्याव

# मेट्रो के काम में लाएं तेजी... सितंबर से शुरू होगा ट्रायल रन

**भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** मेट्रो का काम तीव्र गति से किया जाए। तय समय सीमा में काम को पूरा किया जाए, सितंबर में मेट्रो का ट्रायल रन होगा, इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। यह निर्देश मेट्रो रेल प्रबंधन के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने बुधवार को निरीक्षण के दौरान मेट्रो कांट्रेक्टर को दिए हैं। मेट्रो प्रोजेक्ट में धीमी रफ्तार की वजह से उठ रहे विवादों पर लगाम लगाने के लिए भी उन्होंने कहा है। मनीष सिंह ने स्पष्ट किया कि भोपाल में मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर 2023 से शुरू कर दिया जाएगा। इस डेडलाइन में अब कोई परिवर्तन नहीं होगा। मनीष सिंह ने भोपाल मेट्रो के अधिकारियों के साथ सुभाष नगर में बन रहे डिपो का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार मेट्रो परियोजना के लिए प्रायोरीटी कारिडर में सभी कार्य तीव्र गति से चल रहे हैं। प्रबंध संचालक द्वारा सुभाष नगर स्टेशन की प्रगति को लेकर संतुष्टी जाहिर की एवं स्टेशन कांट्रेक्टर को निर्देश दिए की अन्य स्टेशन के कार्य भी जल्द से जल्द पूर्ण कर लिए जाएं।



मेट्रो कार्य का निरीक्षण करते हुए प्रबंध संचालक मनीष सिंह व अन्य अधिकारी। ● नवदुनिया

**काम में तेजी लाने बढ़ाए जाएं श्रमिक :** कांट्रेक्टर ने बताया कि सर्वे का कार्य जारी है, प्रबंध संचालक ने निर्देश दिए की रेल पटरी बिछाने एवं पटरी की वेल्डिंग का काम जल्द से जल्द शुरू करें। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड द्वारा पटरी लगातार भेजी जा रही है। इसके अंतर्गत अप्रैल में भोपाल में लगभग 900 मीट्रिक टन आ चुकी है। इस दौरान दिलीप बिल्डकोन कान्ट्रेक्टर को निर्देश दिए गए है कि डिपो एवं स्टेशन के बीच रैंप के कार्य में गति लाएं तथा श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य को समय पूरा करें।

**इस तरह किया जा रहा काम :** नवंबर 2022 माह से मार्च 2023 तक स्टेशन की एवं डिपो की डिजाइन एवं ड्राइंग को त्वरित गति से स्वीकृति दी गई है, जिससे मेट्रो के निर्माण कार्य निष्पादन में संतोषजनक गति आई है। अधिकारियों ने प्राइआरटी कारिडर के तहत 31 मार्च तक डिपो एवं स्टेशन प्रगति के बारे में अवगत करवाया। जिसके तहत सभी आठ स्टेशन के ओपन फाउंडेशन के कार्य लगभग 90 प्रतिशत, पीयर का कार्य लगभग 80 प्रतिशत, गर्डर कास्टिंग का कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण हो गए हैं। डिपो की प्रशासनिक बिल्डिंग का कार्य लगभग 60 प्रतिशत, पाइलिंग का कार्य लगभग 96.6 प्रतिशत एवं उप-विद्युत सब स्टेशन एक का कार्य लगभग 70 प्रतिशत तथा लोडिंग-अनलोडिंग-बे का सिक्वल कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | Patrika | भोपाल | 20.04.2023 | 03 | मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन एमडी ने किया प्रोजेक्ट के कामों का निरीक्षण | Neutral |

पत्रिका

### मेट्रो रेल कॉरपोरेशन एमडी ने किया प्रोजेक्ट के कामों का निरीक्षण

# 162 दिन के अंदर शुरू करना है मेट्रो का संचालन

**भोपाल @ पत्रिका.** मेट्रो ट्रेन के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष ब्रिज तक के प्रायोरिटी कॉरीडोर में ओपन रेलवे स्टेशन का 80 फीसदी फाउंडेशन काम पूरा हो चुका है। मेट्रो ट्रेन संचालन शुरू होने का काउंटडाउन भी शुरू हो गया है। 162 दिन में मेट्रो ट्रेन का संचालन शुरू करना है। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने बुधवार को प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर निर्माण की स्थिति देखी। उन्होंने स्टेशन ठेकेदार को जल्द काम पूरा कर सिग्नलिंग व अन्य काम के लिए सिस्टम ठेकेदार को स्टेशन सुपुर्द करने के निर्देश दिए, ताकि समय पर काम पूरा हो।

## प्रोजेक्ट की अभी ये स्थिति

**रेल पटरी** की आपूर्ति हो चुकी है। पटरी बिछाने पटरी की वेल्डिंग का काम जल्द से जल्द शुरू करने के लिए कहा।

**मेट्रो ट्रेन** डिपो व स्टेशन के बीच रैंप के काम में गति लाने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश।

**स्टेशन के** अंदरूनी भागों की अलग-अलग करीब 97 डिजाइन और डिपो के अंदरूनी भागों की 261 डिजाइन को मंजूरी मिल चुकी है।

**सभी आठ** स्टेशन के ओपन



फाउंडेशन के काम 90 फीसदी, पीयर का काम 80 फीसदी, गर्डर कास्टिंग का काम करीब 50 फीसदी पूरा हुआ।

**डिपो की** प्रशासनिक बिल्डिंग का काम 60, पाइलिंग का काम करीब 96.6 व उपविद्युत सब स्टेशन का काम 70 फीसदी हुआ।

Date: 20/04/2023, Edition: Bhopal, Page: 5
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | People's Samachar | भोपाल | 20.04.2023 | 03 | मेट्रो ट्रायल रन में चार महीने बाकी, एमडी ने लिया जायजा | Neutral |

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

भोपाल सिटी Page: 3 April 20, 2023

# मेट्रो ट्रायल रन में चार महीने बाकी, एमडी ने लिया जायजा

## प्रायोरिटी कॉरिडोर पहुंचकर जमीनी हकीकत देखी



पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9300697983

राजधानी में मेट्रो का ट्रायल रन होने में महज 4 माह बाकी हैं। लिहाजा वर्क प्रोग्रेस की जमीनी हकीकत जानने को मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह बुधवार को प्रोजेक्ट का जायजा लेने निकले। अधिकारियों ने बताया कि पिलर खड़े होने और गर्डर लॉन्चिंग के बाद पूरा फोकस डिपो और स्टेशन बनाने पर है। इनका काम तेजी से चल रहा है।

मेट्रो का पहला रूट एम्स से करोंद तक 16.05 किमी लंबा है। इसमें से 6.22 किमी एम्स से सुभाष नगर के बीच का काम प्रायोरिटी कॉरिडोर के रूप में 2018 में शुरू हुआ था। इसका 85 फीसदी से ज्यादा काम हो चुका है। सितंबर में मेट्रो ट्रायल रन की डेड लाइन है। इससे पहले बाकी काम पूरा किया जाना है। कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह प्रायोरिटी कॉरिडोर का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कॉरिडोर पर बन रहे आठ स्टेशनों के साथ ही ओपन फाउंडेशन, पीयर, गर्डर कास्टिंग, पाइलिंग, बिजली सब स्टेशन और लोडिंग-अनलोडिंग-वे का जायजा लिया।

**कहां कितना हो चुका है काम:** मेट्रो ट्रैक के लिए जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड पटरी की सप्लाई कर रहा है। अब तक 900 मीट्रिक टन पटरी डिलीवर हो चुकी है। सभी आठ स्टेशन के ओपन फाउंडेशन का काम 90 फीसदी पूरा हो चुका है। जबकि पीयर का काम 80 फीसदी, गर्डर कास्टिंग का काम 50 फीसदी, डिपो की प्रशासनिक बिल्डिंग का काम 60 फीसदी, पाइलिंग का काम 96 फीसदी, बिजली सब स्टेशन-1 का काम 70 फीसदी और लोडिंग-अनलोडिंग-वे का सिविल वर्क 50 फीसदी पूरा हो चुका है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | हरी भूमि | भोपाल | 20.04.2023 | 01 | सितंबर मे होगा मेट्रो का ट्रायल रन, एमडी ने देखा स्टेशन का ओपन फाउंडेशन | Neutral |


हरिभूमि

भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 20 अप्रैल 2023


# सितंबर में होगा मेट्रो का ट्रायल रन, एमडी ने देखा स्टेशनों का ओपन फाउंडेशन

*रेल पटरी जल्द बिछाने के लिए एमडी ने दिए निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन सितंबर में होगा। जिसके लिए बुधवार को मेट्रो कार्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह प्रायोरिटी कॉरिडोर रूट पर पहुंचे। उन्होंने स्टेशन और रूट का काम देखा। उन्होंने कॉरिडोर में आठ स्टेशन के ओपन फाउंडेशन, पीयर, गर्डर कास्टिंग, पाइलिंग, बिजली सब स्टेशन और लोडिंग-अनलोडिंग-वे का सिविल वर्क के बारे में जानकारी ली। मेट्रो का पहला रूट एम्स से करोंद तक 16.05 किलोमीटर लंबा है। इसमें से 6.22 किमी एम्स से सुभाष नगर के बीच का काम प्रायोरिटी कॉरिडोर के रूप में 2018 में शुरू हुआ था। इसका 85 फीसदी काम पूरा हो गया है। सितंबर से पहले बाकी काम पूरा करने का टारगेट है। जिससे, सितंबर में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन हो सके।

*मेट्रो का पहला रूट एम्स से करोंद तक 16.05 किलोमीटर लंबा है। इसमें से 6.22 किमी एम्स से सुभाष नगर के बीच का काम प्रायोरिटी कॉरिडोर के रूप में 2018 में शुरू हुआ था। इसका 85 फीसदी काम पूरा हो गया है।*

- स्टेशन और रूट का काम देखा एमडी ने
- मेट्रो कार्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह प्रायोरिटी कॉरिडोर रूट पर पहुंचे



## सर्वे का काम लगातार जारी

एमडी ने स्टेशन कॉन्ट्रेक्टर को निर्देश दिए कि अन्य स्टेशन के कार्य भी जल्द पूरे करें। ट्रैक कॉन्ट्रेक्टर ने जानकारी दी कि सर्वे का काम जारी है। इस पर एमडी ने निर्देश दिए कि रेल पटरी बिछाने और पटरी की वेल्डिंग का काम जल्द पूरा करें। निरीक्षण के दौरान निदेशक प्रोजेक्ट अजय शर्मा, निदेशक वित्त नीति कोठारी, अतिरिक्त निदेशक तकनीकी शोभित टंडन, महाप्रबंधक सिविल संजय सिंह, वाईसी शर्मा समेत कारपोरेशन के अधिकारी और कॉन्ट्रेक्टर्स मौजूद थे।

## काम में तेजी लाने के लिए दी हिदायत

ट्रैक के लिए जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड पटरी की सप्लाई कर रहा है। अप्रैल में अब तक 900 मीट्रिक टन पटरी डिलिवर हो चुकी है। एमडी ने निर्माण एजेंसी दिलीप बिल्डकॉन कॉन्ट्रेक्टर को निर्देश दिए कि डिपो और स्टेशन के बीच रैंप के काम में स्पीड लाए। इसके लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ा दें। नवंबर-22 से मार्च-23 तक स्टेशन और डिपो की डिजाइन-ड्राइंग को मंजूरी दी गई है।

## स्टेशनों का 90 फीसदी काम हुआ पूरा

आठ स्टेशन के ओपन फाउंडेशन का कार्य 90 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। पीयर का 80 प्रतिशत गर्डर कास्टिंग का काम 50 प्रतिशत, डिपो की प्रशासनिक बिल्डिंग का काम 60 प्रतिशत, पाइलिंग का कार्य 96 प्रतिशत, उप विद्युत सब स्टेशन-1 का कार्य 70 प्रशित और लोडिंग-अनलोडिंग-वे का सिविल का काम 50 प्रतिशत तक पूरा हो गया है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 20.04.2023 | 02 | इंदौर व भोपाल के लिए विशेषज्ञ उपलब्ध करवाने का आग्रह | Neutral |

# दिल्ली में केंद्रीय मंत्री तोमर और वैष्णव से सीएम ने की मुलाकात



## इंदौर व भोपाल मैट्रो के लिए विशेषज्ञ उपलब्ध कराने का आग्रह

**भोपाल, (रासं)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से रेल भवन में भेंट कर प्रदेश से जुड़ी विभिन्न रेल परियोजनाओं संबंधी चर्चा की। इस दौरान इंदौर-मनमाड़ और इंदौर-दाहोद रेलवे लिंक को शीघ्र पूरा करवाने का अनुरोध किया। साथ ही इन परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण में राज्य सरकार की ओर से समुचित कार्यवाही का भी आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री से कहा कि इन दोनों लिंक परियोजनाओं के पूर्ण होने से इंदौर, पीथमपुर और धार क्षेत्र के और अधिक औद्योगिकीकरण में मदद मिलेगी। उन्होंने वर्षों पुरानी इंदौर-बुधनी रेल परियोजना की मांग को जल्द पूरा करवाने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इंदौर की रेल कनेक्टिविटी के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार का इस वर्ष सितंबर माह से पहले इंदौर और भोपाल शहरों में मैट्रो चलाने का लक्ष्य है। इसके लिए विशेषज्ञों की आवश्यकता होगी। उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री से इस संबंध में विशेषज्ञ मानव शक्ति उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | स्वदेश | भोपाल | 20.04.2023 | 03 | ठेकेदार को दो टूक: काम मे ते**जी** लाएं, ताकि सितंबर मे शुरू हो ट्रायल रन | Neutral |





### प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने किया निरीक्षण, आज भी देखेंगे मेट्रो का काम

# ठेकेदार को दो टूक : काम में तेजी लाएं, ताकि सितंबर में शुरु हो ट्रायल रन

स्वदेश संवाददाता, भोपाल



**इस तरह हो रहे ड्राइंग डिजाइन से लेकर कॉरिडोर के काम**

सितंबर में मेट्रो का ट्रायल रन होगा जिसकी तैयारियां शुरु हो गई है इसको लेकर प्रबंध संचालक ने साइट विजिट कर तय समय सीमा में काम को पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। दरअसल मेट्रो प्रोजेक्ट में धीमी रफ्तार की वजह से उठ रहे विवादों पर लगाम लगाते हुए मेट्रो के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि भोपाल में मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर 2023 में कर दिया जाएगा।

इस डेडलाइन में अब कोई परिवर्तन नहीं होगा। बता दें कि बुधवार को मनीष सिंह ने भोपाल मेट्रो के अधिकारियों के साथ सुभाष नगर में बन रहे डिपो का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार मेट्रो परियोजना के लिए प्रायोरीटी कॉरिडर में सम्पूर्ण कार्य द्रुत गति से चल रहे हैं। उसी क्रम में मनीष सिंह, प्रबंध संचालक द्वारा सुभाष नगर डिपो एवं स्टेशन की निर्माण प्रगति को लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान प्रबंध संचालक द्वारा सुभाष नगर स्टेशन की प्रगति को लेकर संतुष्टी जाहिर की गई एवं स्टेशन कानट्रैक्टर को निर्देश दिए की अन्य स्टेशन के कार्य भी जल्द से जल्द पूर्ण कर लिए जाए। प्रबंधक संचालक के निरीक्षण कार्यक्रम में अजय शर्मा, निदेशक (प्रोजेक्ट), नीति कोठारी, निदेशक (वित्त), शोभित टंडन, अतिरिक्त निदेशक (तकनीकी), संजय सिंह, महाप्रबंधक सिविल, वाई सी शर्मा, महाप्रबंधक सिविल कॉरपोरेशन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, जनरल कंसलटेंट के वरीय अधिकारी तथा कॉन्ट्रैक्टर्स प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। प्रबंध निदेशक ने अधिकारियों को निर्माण कार्य को द्रुत गति में लाने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए।

नवंबर 2022 माह से मार्च 2023 तक स्टेशन की एवं डिपो की डिजाइन एवं ड्रॉइंग को त्वरित गति से स्वीकृति दी गई है, जिससे मेट्रो के निर्माण कार्य निष्पादन में संतोषजनक गति आई है। अधिकारियों ने प्राइऑरटी कॉरिडर के तहत 31 मार्च तक डिपो एवं स्टेशन प्रगति के बारे में अवगत करवाया जिसके तहत सभी आठ स्टेशन के ओपन फाउंडेशन के कार्य लगभग 90%, पीयर का कार्य लगभग 80%, गर्डर कास्टिंग का कार्य लगभग 50% पूर्ण हो गए हैं तथा डिपो की प्रशासनिक बिल्डिंग का कार्य लगभग 60% पाइलिंग का कार्य लगभग 96.6% एवं उप-विद्युत सब स्टेशन 1 का कार्य लगभग 70% तथा लोडिंग-अनलोडिंग-बे का सिक्वल कार्य लगभग 50% पूर्ण कर लिए गए हैं।

## श्रमिक बढ़ाकर काम में तेजी लाएं

ट्रैक कानट्रैक्टर ने अवगत कराया की सर्वे का कार्य जारी है, प्रबंध संचालक ने निर्देश दिए की रेल पटरी बिछाने एवं पटरी की वेल्डिंग का काम जल्द से जल्द शुरू करें। अधिकारियों ने अवगत करवाया की जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड द्वारा पाटरी की सप्लाइ लगातार जारी है, जिसके अंतर्गत अप्रैल माह में भोपाल में लगभग 900 मीट्रिक टन (1080 एवं 880 एवएच) डिलिवर हो चुकी है। इस दौरान दिलीप बिल्डकोन कानट्रैक्टर को निर्देश दिए गए है कि डिपो एवं स्टेशन के बीच रैम्प के कार्य में गति लाएं तथा श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य को ससमय पूरा करे। साथ ही प्रबंध संचालक ने मध्य प्रदेश में मेट्रो की संकल्पना को धरातल पर उतार रहे सभी स्टेक होल्डर्स मेट्रो के अधिकारियों, जनरल कन्सल्टन्ट एवं कान्ट्रैक्टर को अपनी जिम्मेवारियों के प्रति निष्ठावान रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अलावा सख्त निर्देश भी दिए कि निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता को लेकर किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रबंध संचालक द्वारा आज अन्य स्टेशन की प्रगति को लेकर समीक्षा एवं साइट का निरीक्षण किया जाएगा।

MPMETRO

**21st April ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | नव दुनिया | Bhopal | 21.04.2023 | 2 | एमडी ने किया निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन का निरिक्षण | Neutral |

नवदुनिया
भोपाल, शुक्रवार 21 अप्रैल, 2023

भोपाल सिटी

Pg-II

www.naidunia.com

## एमडी ने किया निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशनों का निरीक्षण

**भोपाल।** राजधानी में सितंबर 2023 से मेट्रो का ट्रायल रन शुरू करना है। ऐसे में निर्माण कार्यों की रफ्तार और कर्मचारियों की संख्या बढ़ा दी गई है। बुधवार को सुभाष नगर मेट्रो डिपो का निरीक्षण करने के बाद गुरुवार को प्रायोरिटी कारिडर के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय, बोर्ड आफिस चौराहा एवं रानी कमलापति स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे और इसकी प्रगति पर अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्रायोरिटी कारिडोर में पीयर का कार्य पूर्ण हो गया है। पीयर आर्म का कार्य 95 प्रतिशत पूरा हो चुका है।-नप्र

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | Hari Bhoomi | Bhopal | 21.04.2023 | 2 | मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर का काउंटडाउन हुआ शुरू | Neutral |





# मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर का काउंटडाउन हुआ शुरू

## एमडी ने साइट पर पहुंचकर किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह गुरुवार को मेट्रो के तीन स्टेशन सेंट्रल स्कूल, बोर्ड ऑफिस चौराहा और रानी कमलापति स्टेशन का निरीक्षण करने साइट पर पहुंचे। तीनों ही स्टेशन पर पीयर का काम 100 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

भोपाल में मेट्रो के करीब 6.22 किमी लंबे प्रायोरिटी कॉरिडोर का काउंटडाउन शुरू हो गया है।



सितंबर में इस रूट पर ट्रायल रन भी कर दिया जाएगा। सुभाष नगर डिपो और स्टेशन निर्माण का सिविल वर्क तकरीबन अंतिम चरण में है। स्टेशन की 97 और डिपो की 261 डिजाइंस भी पूरी हो गई है।

### सितंबर से पहले काम पूरा करने के निर्देश

एमडी सिंह ने अफसरों को सितंबर से पहले काम पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने प्रायोरिटी कॉरिडर के तहत तीन स्टेशन से संबंधित प्रगति के बारे में अवगत कराया। एमडी ने अफसरों से कहा कि रेल पटरी बिछाने एवं पटरी की वेल्डिंग का काम जल्द पूरा करें। वे 10 दिन में फिर से निरीक्षण कर कार्यों का अपडेट लेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | Peoples Samachar | Bhopal | 21.04.2023 | 2 | प्रायोरिटी कॉरिडोर के ३ स्टेशन के पियर का काम पूरा | Positive |


बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

भोपाल सिटी Page: 3 April 21, 2023


## सितंबर में ट्रायल रन की तैयारी, एमडी ने किया मेट्रो कार्य का निरीक्षण

# मेट्रो प्रोजेक्ट : प्रायोरिटी कॉरिडोर के 3 स्टेशनों के पीयर का काम लगभग पूरा

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9300697983

राजधानी में मेट्रो को इस साल सितंबर में दौड़ाने की तैयारी है। मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने कंस्ट्रक्शन एंजेंसियों सहित अधिकारियों को चार महीने में बचा हुआ काम पूरा करने का अल्टीमेटम दिया है। वह खुद भी काम की निगरानी कर रहे हैं। गुरुवार को लगातार दूसरे दिन वह मेट्रो का काम देखने पहुंचे। उन्होंने मेट्रो के तीन स्टेशनों-सेंट्रल स्कूल, बोर्ड ऑफिस चौराहा और रानी कमलापति स्टेशनों का जायजा लिया। तीनों ही स्टेशनों पर पीयर का काम लगभग 100 फीसदी पूरा हो चुका है।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सितंबर में मेट्रो का ट्रायल रन करने की डेडलाइन तय की है और वह लगातार इसकी समीक्षा भी कर रहे हैं। प्रायोरिटी कॉरिडोर में मेट्रो चलाने के लिए मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के पास अब चार महीने ही बचे हैं। ऐसे में बाकी बचे कामों में तेजी लाई जा रही है। इसको देखते हुए सिंह फील्ड में उतर आए हैं। कागजी प्रोग्रेस रिपोर्ट के साथ ही अब जमीनी प्रोग्रेस देख रहे हैं। एमडी के निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट निदेशक अजय शर्मा, वित्त निदेशक नीति कोठारी, अतिरिक्त निदेशक तकनीकी शोभित टंडन, महाप्रबंधक सिविल संजय सिंह, वाईसी शर्मा आदि मौजूद थे।



जिंसी से सुभाष नगर के बीच मेट्रो डिपो का काम भी तेजी से चल रहा है।

**तीन स्टेशनों पर कहां, कितना काम:** मेट्रो ट्रैक के लिए जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड पटरी की सप्लाई कर रहा है। अब तक 900 मीट्रिक टन पटरी डिलिवर हो चुकी है। सभी 8 स्टेशनों के ओपन फाउंडेशन का काम 90 फीसदी पूरा हो चुका है। वहीं पीयर का काम 80 फीसदी, गर्डर कास्टिंग का काम 50 फीसदी, डिपो की प्रशासनिक बिल्डिंग का काम 60 फीसदी, पाइलिंग 96 फीसदी, बिजली सब स्टेशन-1 का काम 70 फीसदी व लोडिंग-अनलोडिंग-वे का सिविल वर्क 50 फीसदी पूरा हो चुका है।

### डिपो और स्टेशन निर्माण का सिविल वर्क अंतिम चरण में

मेट्रो के करीब 6.22 किमी लंबे प्रायोरिटी कॉरिडोर में सितंबर में ट्रायल रन कर दिया जाएगा। सुभाष नगर डिपो और स्टेशन निर्माण का सिविल वर्क अंतिम चरण में है। स्टेशन की 97 और डिपो की 261 डिजाइंस भी पूरी हो गई हैं। अब इनका इंटीग्रेशन किया जा रहा है, ताकि प्रायोरिटी कॉरिडोर तैयार हो सके। ये डिजाइन्स वायर डक्ट पिलर, कंट्रोल सेंटर, ट्रैक, पॉवर सप्लाई बिल्डिंग समेत अन्य सिविल वर्क से जुड़ी हैं।

### कहा-10 दिन में फिर कार्यों का निरीक्षण कर लेंगे अपडेट

मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी सिंह ने अफसरों को सितंबर से पहले काम हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत तीन स्टेशनों से संबंधित प्रगति के बारे में अवगत कराया। एमडी ने अफसरों से कहा कि रेल पटरी बिछाने एवं पटरी की वेल्डिंग का काम जल्द पूरा करें। वे 10 दिन में फिर से निरीक्षण कर कार्यों का अपडेट लेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | Times of india | Bhopal | 21.04.2023 | 2 | Metro priority corridor's trial run to be held in sep | possitive |

Pg-02

TIMES CITY

THE TIMES OF INDIA, BHOPAL | FRIDAY, APRIL 21, 2023

# Metro priority corridor's trial run to be held in Sep

## With Many Tweaks In Proj, Actual Run To Take Another Yr

Times News Network

**Bhopal:** It will only be a 'trial run' in September for Bhopal metro priority corridor in September, officially admitted by the officials of Madhya Pradesh metro rail corporation limited (MPMRCL) in a press release on Wednesday.

It is a U-turn for the metro project, whose website also used the term 'start of 4km priority corridor' would take place by September.


Metro project has been tweaked a number of times. First plan was phase I completion (AIIMS Bhopal to Karond, 15 km). Then came a priority corridor, Subhash Nagar depot to AIIMS Bhopal. Later, linking of rail-over-bridge to AIIMS was tweaked to make for a metro start from Depot to Habibganj to start by September.

Wednesday's admission by MPMRCL is yet another version, where only a trial run will take place. Actual start of metro for commuters could take another year to become a reality. "Trial run in the priority corridor section to be done in September 2023," stated an official press release of MPMRCL. It comes on the heels of urban development minister Bhupendra Singh skipping in person visit to Gujarat metro rail manufacturing unit last month. MPMRCL managing director Manish Singh inspected the ongoing progress works of Subhash Nagar metro depot and under construction stations, on Wednesday.

Singh expressed satisfaction over progress of Subhash Nagar station. Around 900 metric tonnes of rail track has reached Bhopal this month. Singh instructed the contractor Dilip Buildcon to speed up the ramp work between Subhash Nagar depot and station. He also instructed to increase the number of labourers/workers for completion of work within the timeline, press release said. From November 2022 to March 2023, 97 'designs and drawings' of stations and 261 for depot have been approved.



Officials take stock of work progress at Subhash Nagar station



| No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | Patrika | Bhopal | 21.04.2023 | 2 | प्रायोरिटी कॉरिडोर के ३ स्टेशन के पियर का काम पूरा | neutral |


पत्रिका plus 02

पत्रिका

भोपाल, शुक्रवार, 21 अप्रेल 2023


# मेट्रो के 3 स्टेशनों के पीयर तैयार, सितंबर में ही ट्रायल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

patrika.com

**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन के प्रियोरिटी कॉरीडोर के तीन मेट्रो स्टेशन के पीयर का काम पूरा हो गया है। रानी कमलापति, बोर्ड ऑफिस व केंद्रीय विद्यालय मेट्रो स्टेशन पर एक माह में पीयर आर्म, गर्डर इरेक्शन, डेक स्लेब कास्टिंग व अन्य काम पूरे हो जाएंगे। एमडी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन मनीषसिंह ने गुरुवार को फिर प्रोजेक्ट का फिजिकल निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सितंबर में ट्रायल रन की डेडलाइन बदलेगी नहीं। इसलिए तय समय सीमा को देखते हुए काम करें।



एमडी गुरुवार को मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण करते हुए।

## ओवरब्रिज नहीं बनने से घटाया कॉरीडोर

एम्स से सुभाष ब्रिज तक 6.22 किमी के मेट्रो कॉरीडोर में संचालन शुरू करना था, लेकिन गणेश मंदिर रेलवे ओवरब्रिज नहीं बनने से सितंबर में संचालन शुरू करने कॉरीडोर की लंबाई करीब ढाई किमी घटाकर रानी कमलापति से सुभाष ब्रिज कर दी। अब इसी पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

## प्रोजेक्ट की अब तक की रिपोर्ट

एमडी मनीष सिंह ने मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों से गुरुवार तक की कार्यप्रगति रिपोर्ट मांगी। इसके तहत केन्द्रीय विद्यालय, बोर्ड ऑफिस चौराहा व रानी कमलापति स्टेशन में पीयर का काम पूरा हो चुका है। गर्डर का कार्य लगभग 56 फीसदी पूरा हो गया। डेक स्लैब कास्टिंग का काम 30 फीसदी हुआ है। सभी स्टेशन पर अब तकनीकी व संचालन कक्ष का काम तेजी चल रहा है।

| No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | Raj Express | Bhopal | 21.04.2023 | 3 | सितंबर मे मेट्रो के ट्रायल के लिए तयारी, तीनों स्टेशन के पीयर का काम शत-प्रतिशत पूरा | Neutral |

# सितंबर में मेट्रो के ट्रायल के लिए तैयारी, तीनों स्टेशनों के पियर का काम शत-प्रतिशत पूरा

## मेट्रो ट्रायल के लिए अधिकारियों का निरीक्षण व बैठकें लगातार जारी, पटरी जल्द बिछाने के निर्देश



### तीनों मेट्रो स्टेशन की प्रगति का विवरण

- तीन स्टेशन (केंद्रीय विद्यालय, बोर्ड ऑफिस चौराहा एवं रानी कमलापति स्टेशन)।
- पीयर का कार्य शत-प्रतिशत (100 प्रतिशत) पूर्ण हो गया है।
- पीयर आर्म का कार्य भी लगभग 95 प्रतिशत हो गया है जल्द ही इसे शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाएगा।
- गर्डर इरेक्शन का कार्य लगभग 56 प्रतिशत पूर्ण हो गया है और कार्य तेज गति से चल रहे हैं।
- डेक स्लैब कास्टिंग का कार्य लगभग 30 प्रतिशत पूर्ण हो गया है ।

**भोपाल(आरएनएन)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा के अनुरूप सितंबर में भोपाल व इंदौर में मेट्रो ट्रायल होना है जिसके लिए सीएम अधिकारियों से समय-समय पर काम की प्रगति रिपोर्ट ले रहे हैं। इसी वर्ष सितंबर माह में प्रायोरिटी कॉरिडर के अंतर्गत मेट्रो ट्रायल रन के लक्ष्य के मनीष सिंह, प्रबंध संचालक द्वारा मेट्रो निर्माण कार्यों की प्रगति की अनवरत, निरीक्षण निर्देशन एवं समीक्षा बैठक किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रबंध संचालक द्वारा प्रायोरिटी कॉरिडर के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय, बोर्ड ऑफिस चौराहा एवं रानी कमलापति स्टेशन का निरीक्षण करने साइट पर पहुंचे एवं प्रगति पर सभी अधिकारियों से चर्चा की। प्रबंध संचालक ने निरीक्षण के बाद एक बार फिर सभी को स्पष्ट एवं अवगत करवाया कि इसी वर्ष सितंबर मे होने वाले ट्रायल रन की समय सीमा अपरिवर्तनीय है, इससे पहले सभी कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए। अधिकारियों ने प्रायोरिटी कॉरिडर के तहत तीन स्टेशन (केंद्रीय विद्यालय, बोर्ड ऑफिस चौराहा एवं रानी कमलापति स्टेशन) से संबंधित प्रगति के बारे मे अवगत करवाया एवं आश्वस्त किया की सभी कार्य तेज गति से निरंतर जारी है।

इसके साथ ही, सभी स्टेशन पर तकनिकी एवं संचालन कक्ष निर्माण भी तेज गति से चल रहे है।

मनीष सिंह द्वारा प्रगति को लेकर संतुष्टि जाहिर की एवं स्टेशन कॉन्ट्रैक्टर को निर्देश दिए कि कुशल एवं प्रशिक्षित श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लाएं जिससे सिस्टम कॉन्ट्रैक्टर को अन्य कार्य के लिए पर्याप्त एवं उपयुक्त समय मिल सके।

प्रबंध संचालक ने ट्रैक कॉन्ट्रैक्टर को निर्देश दिए जहां सिविल कार्य पूर्ण हो गए हैं वहांअविलंब रेल पटरी बिछाने एवं पटरी की वेल्डिंग का काम जल्द से जल्द शुरू करें। साथ ही प्रबंध संचालक ने कहा की 10 दिन बाद वह फिर निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति पर अपडेट लेंगे।

| No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | स्वदेश | Bhopal | 21.04.2023 | 3 | एमडी ने किया निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण | Neutral |

# एमडी ने किया निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशनों का निरीक्षण



भोपाल। राजधानी में सितंबर 2023 से मेट्रो का ट्रायल रन शुरु करना है। ऐसे में निर्माण कार्यों की रफ्तार और कर्मचारियों की संख्या बढ़ा दी गई है। ऐसे में बुधवार को सुभाष नगर मेट्रो डिपो का निरीक्षण करने के बाद गुरुवार को प्रायोरीटी कारिडर के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय, बोर्ड आफिस चौराहा एवं रानी कमलापति स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे और इसकी प्रगति पर अधिकारियों से चर्चा की।इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्रायोरिटी कारिडोर में पीयर का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो गया है। जबकि पीयर आर्म का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण हो गया।

| No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 21.04.2023 | 13 | भर्ती के लिए विज्ञापन | Neutral |

MPMETRO

**म.प्र. मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमि.**

(भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन का संयुक्त उपक्रम)

द्वितीय तल, स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ऑफिस बिल्डिंग

कालीबाड़ी रोड, भेल, सेक्टर-ए, बरखेड़ा, भोपाल-462022

## भर्ती के लिए विज्ञापन

मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MPMRCL), भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम, भोपाल मेट्रो रेल परियोजना और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना को मध्यप्रदेश राज्य में क्रियान्वित कर रहा है।

तत्काल आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु MPMRCL द्वारा विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

## PROJECT DOMAIN-PROJECT/LAND AND PROPERTY DEVELOPMENT/CONTRACT MANAGEMENT & PROCUREMENT/TRACK/ENVIRONMENT

नियुक्तियां MPMRCL के नियमों एवं शर्तों पर संविदा/प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियुक्ति के आधार पर होगी।

यह विज्ञापन केवल सांकेतिक है। रिक्त पदों का विस्तृत विवरण एमपीएमआरसीएल की वेबसाइट **www.mpmetrorail.com** के कैरियर विकल्प में उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया विज्ञापन क्रमांक 1704/HRD/MPM-RCL-028/2023, **दिनांक 20.04.2023** देखें।

Project Domain के रिक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की **अंतिम तिथि 12 मई 2023 है।**

**प्रबंध संचालक**

म.प्र. माध्यम/109496/2023 **एमपीएमआरसीएल**

| No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | Times of India | Bhopal | 21.04.2023 | 7 | Advertisement for Recruitment | Neutral |

MPMETRO

**MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED**

**(A Joint Venture of Govt. of India and Govt. of Madhya Pradesh)**
**2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building**
**Kalibadi Road, BHEL, Sector-A, Barkheda, Bhopal-462022**

## ADVERTISEMENT FOR RECRUITMENT

Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL), a joint venture of Government of India and Government of Madhya Pradesh is implementing Bhopal Metro Rail Project & Indore Metro Rail Project in the State of Madhya Pradesh.
To meet with the immediate requirement, MPMRCL invites application for the various posts under

## PROJECT DOMAIN-PROJECT/LAND AND PROPERTY DEVELOPMENT/CONTRACT MANAGEMENT & PROCUREMENT/TRACK/ENVIRONMENT

The posts/appointments will be on Contract/Deputation/Re-employment basis on standard terms & conditions of the organization.
This Advertisement is only indicative. The detailed vacancy notifications and particulars regarding eligibility criterion, qualification, experience, age limit, mode of selection etc. are available, in the Career sections of MPMRCL website **www.mpmetrorail.com.** Please refer Advt. No. 1704/HRD/MPMRCL-028/2023, Dated 20/04/2023 for more details.
Last date for submission of applications through online mode for the various posts is **12th May 2023.**

**MD**
M.P. Madhyam/109496/2023 **MPMRCL**

22nd April ,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 34 | दैनिक भास्कर | Bhopal | 22.04.2023 | 18 | मेट्रो की पटरी बिछाने वायाडक्ट पर चढ़ाई मशीन, रेल्वे क्रॉसिंग पर स्टील ब्रिज की तयारी | Neutral |

भोपाल 22-04-2023


दैनिक भास्कर

# भोपाल फ्रंट पेज

सूर्यास्त (शनिवार) 6:44 बजे | सूर्योदय (रविवार) 5:55 बजे

दैनिक भास्कर शनिवार 22 अप्रैल 2023

## मेट्रो की पटरी बिछाने वाया डक्ट पर चढ़ाई मशीन, रेलवे क्रॉसिंग पर स्टील ब्रिज की तैयारी



पटरी बिछाने के लिए सुभाष नगर अंडरब्रिज के पास वाया डक्ट पर वेल्डिंग मशीन चढ़ा दी गई है। 900 मीट्रिक टन पटरी आ चुकी है।

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

रानी कमलापति स्टेशन (आरकेएमपी) से सुभाष नगर अंडरब्रिज के बीच पांच मेट्रो स्टेशन का सिविल वर्क का काम लगभग पूरा होने के बाद अब एम्स, अलकापुरी और हबीबगंज नाका के मेट्रो स्टेशन की फाउंडेशन और पिलर का निर्माण शुरू हो गया है। यहां रेलवे क्रॉसिंग पर स्टील ब्रिज निर्माण की अनुमति भी मिल गई है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो एम्स से सुभाष नगर तक यानी पूरे 6.22 किमी के प्रायोरिटी रूट पर सितंबर में मेट्रो का ट्रायल हो सकता है। एक दो दिन में पटरी बिछाने का काम भी शुरू हो सकता है।

आरकेएमपी से सुभाष नगर तक के पांचों स्टेशन पर सिग्नलिंग और इंटीरियर के काम जल्द शुरू होंगे। मेट्रो रेल कंपनी के एमडी मनीष सिंह ने गुरुवार को ही इन स्टेशन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था। दूसरी ओर भेल क्षेत्र के तीनों स्टेशन निर्माण के लिए यहां ट्रैफिक डायवर्जन एक महीने और बढ़ा दिया गया है।

### हबीबगंज नाके के पास मेट्रो स्टेशन के लिए बन रहा पिलर आर्म

हबीबगंज नाके के पास मेट्रो स्टेशन के पिलर आर्म का काम शुरू हो गया है। इसके लिए नाके से बीएसएसएस कॉलेज की तरफ का वन वे रूट पूरी तरह बंद रहेगा। नाके पर मेट्रो की क्रासिंग के लिए आरसीसी के आरओबी की बजाय स्टील का आरओबी बनाया जाएगा। इसकी डिजाइन तैयार हो गई है। रेलवे सहित अन्य सभी अनुमतियां मिल गई हैं। रेलवे से ब्लॉक लेकर स्टील आरओबी का निर्माण होगा।

MPMETRO

# METRO NEWS
**25th April ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 25.04.2023 | 2 | एमपी नगर के आस पास 2 मई तक रहेगा ट्रैफिक डाइवर्ट | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 25-04-2023

Pg-03

मेट्रो रेल स्टेशन का कंस्ट्रक्शन

## एमपी नगर के आसपास 2 मई तक डायवर्ट रहेगा ट्रैफिक

**भोपाल** | एमपी नगर क्षेत्र में मेट्रो रेल स्टेशन के कंस्ट्रक्शन के चलते 2 मई तक ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। इसके तहत एमपी नगर, सुभाष नगर और इनकम टैक्स दफ्तर के आसपास के इलाके में ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। ट्रैफिक डायवर्ट होने की वजह से प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा से इनकम टैक्स तिराहा की रोड पूरी तरह बंद रहेगी। पहले इसका एक हिस्सा खुला हुआ था। लेकिन, अब इसे भी बंद कर दिया जाएगा।

**इन रास्तों से किया जा सकेगा आवागमन:** ट्रैफिक डायवर्ट रहने के दौरान प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा से इनकम टैक्स तिराहा, एसबीआई बैंक तिराहा तक आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। सुभाष नगर से एमपी नगर की और जाने के लिए केवल हल्के वाहन सुभाष नगर, इनकम टैक्स ऑफिस तिराहा, आरबीआई बैंक, बीएसएनएल ऑफिस, प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर जाएंगे।

**कल से सैफिया कॉलेज रोड पर काम होगा, डेढ़ महीने का समय लगेगा :** नगर निगम सैफिया कॉलेज रोड पर बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या को नाले और पुलिया निर्माण काम 26 अप्रैल से शुरू करेगा। इस वजह से यहां ट्रैफिक प्रभावित रहेगा। निर्माण कार्य के दौरान उक्त मार्ग का यातायात अलीगंज होते हुए बाल विहार व लाल मस्जिद नूर महल रोड पर परिवर्तित रहेगा। 26 अप्रैल से पुलिया को तोड़ने के साथ अन्य काम शुरू किए जा रहे हैं। इसमें करीब डेढ़ महीना लग सकता है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | Dainik Jagran | Bhopal | 25.04.2023 | 03 | एमपी नगर से सुभाष नगर तक ट्रैफिक डाइवर्ट, इनकम टैक्स और बीएसएनएल दफ्तर होकर जा सकें | Neutral |


दैनिक जागरण
भोपाल, 25 अप्रैल 2023

Pg-03

राजधानी जागरण

• 11 • राज्य • 31 • संस्करण

मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बं


# मेट्रो : एमपी नगर से सुभाष नगर तक ट्रैफिक डायवर्ट इनकम टैक्स और बीएसएनएल दफ्तर होकर जा सकेंगे

**भोपाल।** एमपी नगर स्थित मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य के लिए 24 अप्रैल से 2 मई तक ट्रैफिक डायवर्ट किया जा रहा है। इस दौरान एमपी नगर, सुभाष नगर और इनकम टैक्स दफ्तर के आसपास के इलाके में ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। इस दौरान प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा से इनकम टैक्स तिराहा की रोड पूरी तरह बंद रहेगी। हालांकि यह रूट पहले आंशिक रूप से चालू था।

**इस रास्ते से जाएं सुभाष नगर से एमपी नगर:** प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा से इनकम टैक्स तिराहा, एसबीआई बैंक तिराहा तक आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इस दौरान, सुभाष नगर से एमपी नगर की और जाने के लिए केवल हल्के वाहन (दो पहिया, चार पहिया वाहन) सुभाष नगर, इनकम टैक्स ऑफिस तिराहा, आरबीआई बैंक, भुजल भवन, बीएसएनएल. ऑफिस, प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर जाएंगे।



**इस रास्ते से जाएंगे एमपी नगर से सुभाष नगर:** इसी तरह एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले वाहन प्रेस कॉम्प्लेक्स, बीएसएनएल ऑफिस, भुजल भवन, आरबीआई बैंक, इनकम टैक्स तिराहा होकर सुभाष नगर की ओर जा सकेंगे।

## 26 अप्रैल से सेफिया कॉलेज रोड पर यातायात बंद

सेफिया कॉलेज रो पर बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या को लेकर नगर निगम द्वारा नाले व पुलिया निर्माण कार्य 26 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। इसके चलते सेफिया कॉलेज रोड पर यातायात बाधित रहेगा। निर्माण कार्य के दौरान उक्त मार्ग का यातायात अलीगंज होते हुए बाल विहार व लाल मस्जिद नूर महल रोड पर परिवर्तित रहेगा। 26 अप्रैल से पुलिया को तोड़ने के साथ ही अन्य कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। इस कार्य में करीब डेढ़ महीने का समय लग सकता है। इस अवधि में सेफिया कॉलेज मार्ग पर यातायात बंद रहेगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 37 | Haribhoomi | Bhopal | 25.04.2023 | 04 | एमपी नगर से सुभाष नगर तक ट्रैफिक डाइवर्ट, इनकम टैक्स और बीएसएनएल दफ्तर होकर जा सकेंगे | Neutral |


हरिभूमि

भोपाल भूमि फ्रंट पेज

Pg-03 भोपाल, मंगलवार 25 अप्रैल 2023


### अंतिम चरणों में चल रहा निर्माण कार्य

# एमपी नगर मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्य के लिए 2 मई तक ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो कंपनी के स्टेशनों का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में चल रहा है। इसको लेकर एमपी नगर स्थित मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य के लिए 2 मई तक ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। इस दौरान एमपी नगर, सुभाष नगर और इनकम टैक्स दफ्तर के आसपास के इलाके में ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। इस दौरान प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा से इनकम टैक्स तिराहा की रोड पूरी तरह बंद रहेगी। यह रूट पहले आंशिक रूप से चालू था।

## इस रास्ते से जाएं

प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा से इनकम टैक्स तिराहा, एसबीआई बैंक तिराहा तक आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इस दौरान सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने के लिए केवल हल्के वाहन या दो पहिया चार पहिया वाहन सुभाष नगर,इनकम टैक्स ऑफिस तिराहा, आरबीआई बैंक, भूजल भवन, बीएसएनएल ऑफिस, प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर जा सकेंगे।

## 26 अप्रैल से डेढ़ माह तक सेफिया कॉलेज रोड पर रहेगा ट्रैफिक बंद

इधर...सेफिया कॉलेज रोड पर बारिश में जलभराव को रोकने के लिए नगर निगम नाला और पुलिया बनाएगा, जिसके कारण 26 अप्रैल से डेढ महीने तक सेफिया कॉलेज रोड पर यातायात बंद रहेगा। निर्माण कार्य के दौरान इस मार्ग का यातायात अलीगंज होते हुए बाल विहार एवं लाल मस्जिद नूर महल रोड़ पर परिवर्तित रहेगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 38 | Haribhoomi | Bhopal | 25.04.2023 | 04 | 5 स्टेशनो का काम अंतिम चरणों में | Neutral |



## 99 फीसदी कांक्रीट निर्माण, 5 स्टेशनों का काम अंतिम चरणों में

# काम में आई तेजीः प्रायोरिटी कॉरिडोर में ट्रायल के बाद बनेगा हबीबगंज रेलवे क्रॉसिंग पर मेट्रो का स्टील ब्रिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सुभाष फाटक से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक पांच किमी लंबे रूट पर मेट्रो के ट्रायल के लिए काम अब अंतिम चरण में है। वहीं इसके आगे हबीबगंज रेलवे क्रासिंग पर बनने वाले मेट्रो के स्टील ब्रिज को अब प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ट्रायल होने के बाद ही बनाया जाएगा। क्योंकि प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो के ट्रायल को अगस्त के अंतिम सप्ताह या सितंबर के पहले सप्ताह में कराने पर सभी कंपनियों का फोकस है।

### निर्माण कंपनी से श्रमिकों की संख्या बढ़ाने कहा



तय समय पर मेट्रो चलाने के लिए एमडी के तौर पर काम संभालने वाले मनीष सिंह ने इंदौर और भोपाल दोनों महानगरों में निर्माण कंपनी से श्रमिकों की संख्या बढ़ाने को कहा था, जिसके चलते काम में तेजी आई है। अब माना जा रहा है कि भोपाल में मेट्रो ट्रेन के पहले फेज की सुविधा जल्दी मिलेगी।

### 5 स्टेशनों का काम अंतिम चरणों में

मेट्रो अधिकारियों के अनुसार स्टील ब्रिज बाहर बन रहा है, उसे पिलर बनने के बाद सिर्फ ऊपर चढ़ाने का काम रह जाएगा, जिसे बाद में आसानी से किया जा सकता है। जबकि एम्स तक चल रहा कांक्रीट का काम लगभग पूरा हो चुका है। जबकि ट्रायल रूट में आने वाले 5 स्टेशनों का काम भी अंतिम चरणों में है। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, सुभाष फाटक और प्रेस काम्प्लेक्स के पास बनने वाले स्टेशनों के काम ने तेजी पकड़ी। इसी माह के अंत तक एम्स तक बचे हुए चार स्टेशन का काम शुरू हो जाएगा। एमपी नगर में बन रहे स्टेशन का अस्सी फीसदी काम पूरा हो गया है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | Patrika | Bhopal | 25.04.2023 | 03 | एमपी नगर के आस पास 2 मई तक रहेगा ट्रैफिक डाइवर्ट | Neutral |

माय सिटी
MY CITY
03 पत्रिका
भोपाल, मंगलवार, 25 अप्रेल 2023

# मेट्रो स्टेशन कार्य: 2 मई तक बंद रहेगा एमपी नगर व इनकम टैक्स ऑफिस जाने वाला रास्ता

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** एमपी नगर स्थित मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य के लिए 24 अप्रैल से 2 मई तक ट्रैफिक डायवर्ट किया जा रहा है। इस दौरान एमपी नगर, सुभाष नगर और इनकम टैक्स दफ्तर के आसपास के इलाके में ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। इस दौरान प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा से इनकम टैक्स तिराहा की रोड पूरी तरह बंद रहेगी। प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा से इनकम टैक्स तिराहा, एसबीआई बैंक तिराहा तक आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इस दौरान, सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने सिर्फ हल्के वाहन सुभाष नगर, इनकम टैक्स ऑफिस तिराहा, प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर जाएंगे।

## इस रास्ते से जाएंगे एमपी नगर से सुभाष नगर

इसी तरह एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले वाहन प्रेस कॉम्प्लेक्स, बीएसएनएल ऑफिस, भूजल भवन, आरबीआई बैंक, इनकम टैक्स तिराहा होकर सुभाष नगर की ओर जा सकेंगे।

**26 से सेफिया कॉलेज रोड पर यातायात बंद:** सेफिया कॉलेज रोड पर बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या को लेकर नगर निगम द्वारा नाले व पुलिया निर्माण कार्य 26 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। इसके चलते सेफिया कॉलेज रोड पर यातायात बाधित रहेगा। निर्माण कार्य के दौरान उक्त मार्ग का यातायात अलीगंज होते हुए बाल विहार व लाल मस्जिद नूर महल रोड पर परिवर्तित रहेगा।

MPMETRO

## METRO NEWS

**28th April ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | Dainik Patrika | Bhopal & Indore | 28.04.2023 | 9-Indore 11-Bhopal | भर्ती के लिए विज्ञापन: Operation & Maintenance Department | Classified Advertisement |

पत्रिका

MPMETRO

**मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

**(भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन का संयुक्त उपक्रम)**

**द्वितीय तल, स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ऑफिस बिल्डिंग**

**कालीबाड़ी रोड, भेल, सेक्टर-ए, बरखेड़ा, भोपाल-462022**

### भर्ती के लिए विज्ञापन

मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MPMRCL), भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम, भोपाल मेट्रो रेल परियोजना और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना को मध्यप्रदेश राज्य में क्रियान्वित कर रहा है।

तत्काल आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु MPMRCL द्वारा विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित है।

### OPERATION & MAINTENANCE DEPARTMENT

नियुक्तियां MPMRCL के नियमों एवं शर्तों पर संविदा/प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियुक्ति के आधार पर होगी।

यह विज्ञापन केवल सांकेतिक है। रिक्त पदों का विस्तृत विवरण एमपीएमआरसीएल वेबसाइट **www.mpmetrorail.com** के कैरियर विकल्प में उपलब्ध हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया विज्ञापन क्रमांक No. 1719/HRD/MPMRCL-029/2023 एवं No. 1720/HRD/MPMRCL-030/2023 **दिनांक 28.04.2023** देखें।

दोनों विज्ञापनों के रिक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की **अंतिम तिथि 28 मई 2023** है।

**प्रबंध संचालक**

म.प्र. माध्यम/109654/2023 **एमपीएमआरसीएल**

Date: 28/04/2023, Edition: Indore City, Page: 9

Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | Times of India | Bhopal | 28.04.2023 | 7 | Advertisement for Recruitment: Operation & Maintenance Department | Classified Advertisement |

MPMETRO

# MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED

**(A Joint Venture of Govt. of India and Govt. of Madhya Pradesh)**
**2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building**
**Kalibadi Road, BHEL, Sector-A, Barkheda, Bhopal-462022**

## ADVERTISEMENT FOR RECRUITMENT

Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL), a joint venture of Government of India and Government of Madhya Pradesh is implementing Bhopal Metro Rail Project & Indore Metro Rail Project in the State of Madhya Pradesh.

To meet with the immediate requirement, MPMRCL invites application for the various posts of

## OPERATION & MAINTENANCE DEPARTMENT

The posts/appointments will be on Contract/Deputation/ Re-employment basis on standard terms & conditions of the organization.

This Advertisement is only indicative. The detailed vacancy notifications and particulars regarding eligibility criterion, qualification, experience, age limit, mode of selection etc. are available, in the Career sections of MPMRCL website **www.mpmetrorail.com.** Please refer Advt. No. 1719/HRD/ MPMRCL-029/2023 and No. 1720/HRD/MPMRCL-030/2023 **Dated 28.04.2023** for more details.

Last date for submission of online applications for both the notifications is **28th May 2023.**

**MD**

M.P. Madhyam/109654/2023 **MPMRCL**

MPMETRO

**METRO NEWS**
**29th April ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 42 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 29.04.2023 | J2 | 10 दिन में बिछना शुरू होगा ट्रैक, 900 मीट्रिक टन पटरियाँ आई | Neutral |

भोपाल 29-04-2023

दैनिक भास्कर

# भोपाल फ्रंट पेज

सूर्यास्त (शनिवार) 6:47 बजे | सूर्योदय (रविवार) 5:49 बजे

मेट्रो रेल प्रोजेक्ट

## 10 दिन में बिछना शुरू होगा ट्रैक, 900 मीट्रिक टन पटरियां आईं

**भोपाल** | मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के तहत पटरी बिछाने का काम दस मई तक शुरू हो जाएगा। ट्रैक कान्ट्रैक्टर एलएंडटी ने सर्वे का काम शुरू कर दिया है। राजधानी में लगभग 900 मीट्रिक टन पटरी की डिलीवरी हो चुकी है। पटरी की टेस्टिंग हो गई है। सुभाष नगर स्टेशन पर पटरी की वेल्डिंग के लिए मशीन भी लॉन्च कर दी गई है। ट्रैक कान्ट्रैक्टर ने मेट्रो रेल कंपनी को कहा है कि दस दिन के भीतर पटरी बिछाना शुरू हो जाएगा।

उधर, आरकेएमपी स्टेशन का पहला गर्डर शुक्रवार को लॉन्च कर दिया गया। एम्स से सुभाष नगर तक के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर अब तक डीबी सिटी मॉल स्टेशन के स्ट्रक्चर का काम पूरा हो चुका है। सुभाष नगर स्टेशन का स्ट्रक्चर भी लगभग पूरा हो गया है।

**METRO NEWS**
30th April ,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 43 | नई दुनिया सिटी | भोपाल सिटी | 30.04.2023 | 3 | यह है पहला डिपो, यहाँ विश्राम | Neutral |

भोपाल, रविवार 30 अप्रैल, 2023
नवदुनिया सिटी
भोपाल
सजेगी नाटक, सिनेमा, साहित्य, संस्कृति और संगीत की महफिल... II www.naidunia.com

पेज 3
फिटनेस के लिए किया जुंबा और एरोबिक्स... III



# यह है पहला डिपो, यहां मेट्रो ट्रेन करेंगी विश्राम



यह है राजधानी का पहला मेट्रो डिपो, जहां मेट्रो ट्रेन विश्राम करेंगी। जहांगीराबाद स्थित इस विशाल क्षेत्र में कभी अरबी घोड़ों का फार्म हाउस था, यहां तैयार होने वाले घोड़े विदेशों में होने वाली रेस में हिस्सा लेते थे। लंबे समय तक चली अदालती मुकदमेबाजी के बाद जिला प्रशासन के पक्ष में फैसला आया, इसके बाद इसे मेट्रो स्टेशन और डिपो बनाने का निर्णय लिया गया। यहां रेल ट्रैक नीचे उतर आया है, रेल पटरियां भी आ चुकी हैं। जल्द ही इन्हें बिछाने का काम शुरू किया जाएगा। ● **मोहम्मद अबरार खान**